राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 सक्षम न्यायालय और लंबित की स्पष्ट परिभाषा से ...

धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का जिलाधिकारी का ... 07

वर्ष : 13 | अंक : 308 | पटना, बुधवार, 18 फरवरी, 2026 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 15.0°C
न्यूनतम तापमान 13.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,55,935 |
| चांदी | 2,97,400 |
| सेंसेक्स | 83,450 |
| निफ्टी | 25,725 |

## संक्षिप्त खबरें

### होटल में छापेमारी में महिलाओं को बचाया गया, तीन गिरफ्तार

पटना। वैशाली जिले में पुलिस ने सोमवार को दो होटलों में छापेमारी कर तीन महिलाओं को बचाया, तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, और एक नाबालिग को हिरासत में लिया। वैशाली जिले में पुलिस ने सोमवार को दो होटलों में छापेमारी कर तीन महिलाओं को बचाया और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, वहीं एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, अभिषेक वैशाली होटल और द रॉयल कैफे एंड रेस्टोरेंट, जो वैशाली थाना क्षेत्र के खरौना पोखर में स्थित हैं। इसका इस्तेमाल कथित तौर पर होटल मालिक और प्रबंधन द्वारा मुनाफे के लिए शारीरिक शोषण के लिए किया जा रहा था। सूचना मिलने पर एसडीपीओ सदर-02 (लालगंज) के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें वैशाली पुलिस थाना के थाना प्रभारी, लालगंज के सर्किल अधिकारी और महिला पुलिस कर्मी शामिल थे। छापेमारी के दौरान तीन महिलाओं को बचाया गया। पुलिस ने आरोपियों नीरज कुमार, मुकेश साहनी और महेश महतो को गिरफ्तार किया।

### टूर पर निकली बस दुर्घटनाग्रस्त, दो शिक्षकों की मौत

सासाराम। बिहार के रोहतास जिले के परसथुआ थाना क्षेत्र में बच्चों को लेकर पर्यटन क्षेत्रों और धार्मिक स्थलों का दर्शन कराने निकली एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में दो शिक्षकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 12 के करीब स्कूली बच्चे घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कैमूर जिले के चैनपुर के मध्य विद्यालय, बढ़ौना के बच्चों और शिक्षकों को लेकर एक बस एजुकेशनल टूर पर निकली थी। पटना जा रही यह बस सोमवार की देर रात परसथुआ थाना इलाके के सोहसा गांव के पास एनएच 319 पर अनियंत्रित हो गई। बस पर से चालक का नियंत्रण हट गया और एक ट्रक से जा टकराई। इस दुर्घटना में दो शिक्षकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य शिक्षक और एक दर्जन बच्चे घायल हो गए। परसथुआ के थाना प्रभारी रामचंद्र चौपाल ने आईएएनएस को मंगलवार को बताया कि इस बस में कुल 36 स्कूली बच्चे और सात शिक्षक सवार थे।

# पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन ने इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम का किया उद्घाटन

## फ्रांस के साथ हमारा रिश्ता इनोवेशन के साथ-साथ भरोसे का भी है: मोदी

- भारत और फ्रांस के बीच संबंध वास्तव में अद्वितीय
- एक दशक में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया भारत

प्रात : किरण



मुंबई/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन ने मुंबई में इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम-2026 का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के दो बड़े इनोवेशन हब एक साथ आ रहे हैं। जब हम भारत और फ्रांस की बात करते हैं तो हमारा रिश्ता इनोवेशन के साथ-साथ भरोसे का और साझा मूल्यों का भी है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ राष्ट्रपति मैक्रॉन और मैंने वर्ष 2026 को इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन के रूप में सेलिब्रेट करने का निर्णय किया है। ये हमारा सेलिब्रेशन ही नहीं, बल्कि साझा कमिटमेंट भी है। उन्होंने कहा कि भारत, अपनी हजारों वर्षों की यात्रा में, गणित, चिकित्सा, धातु विज्ञान और वास्तुकला जैसे अनेक क्षेत्रों में मानव कल्याण के लिए इनोवेट करता रहा है। और अब, 21वीं सदी में भी, भारत के युवा इनोवेशन फॉर ग्लोबल गुड की उसी यात्रा पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम से लेकर विश्व स्तरीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं तक, एक नई सकारात्मक और चुनौतीपूर्ण भावना उभर रही है। स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम की बदौलत, देश महज एक दशक में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। 2014 में, भारत में केवल चार यूनिकॉर्न कंपनियां थीं। आज यह संख्या बढ़कर 120 से अधिक हो गई है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच संबंध वास्तव में अद्वितीय हैं। फ्रांस भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है, और राष्ट्रपति मैक्रोन के नेतृत्व में हमने इस साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और गतिशीलता प्रदान की है। आपसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण की नींव पर निर्मित, हम अब अपने संबंधों को एक विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जा रहे हैं। यह सहयोग मात्र रणनीति से परे है। इन अशांत समयों में, यह वैश्विक स्थिरता और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध साझेदारी के रूप में खड़ा है। उन्होंने कहा कि इसी विश्वास और साझा विजन के आधार पर, आज हम अपने संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के रूप में स्थापित कर रहे हैं। हमें गर्व है कि भारत और फ्रांस मिलकर माउंट एवरेस्ट की ऊंचाइयों तक उड़ान भरने वाला विश्व का एकमात्र हेलीकॉप्टर भारत में बनाएंगे और पूरे विश्व को निर्यात करेंगे।

## 125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर फाइनल असेंबली का हुआ वर्चुअली उद्घाटन

- पीएम मोदी बोले-फ्रांस भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है

प्रात : किरण

मुंबइ/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कर्नाटक के वेमगल में टाटा एयरबस के एच 125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर फाइनल असेंबली का वर्चुअली उद्घाटन किया।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस के संबंध बहुत ही विशेष हैं। फ्रांस भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है, और प्रेसीडेंट मैक्रॉन के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा दी है। इसी विश्वास और साझा विजन के आधार पर, आज हम अपने संबंधों को एक विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

### 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश होने की उम्मीद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश होने की उम्मीद है। इससे हमारी कुशल और मेहनती युवा पीढ़ी के लिए सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के मौके पैदा होंगे। फ्रांसीसी रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन आज 6वीं भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा वार्ता के लिए बेंगलुरु पहुंचीं। वार्ता में रक्षा सहयोग समझौता अगले दस साल के लिए नवीनीकरण करने और हैमर मिसाइल बनाने को लेकर संयुक्त उपक्रम के लिए समझौता करने पर फोकस होगा। इससे पहले राजनाथ सिंह के साथ फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन कर्नाटक के वेमगल में एयरबस एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह भी मौजूद थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले भारतीय रक्षा उत्पादन कई वजहों से ज्यादातर पब्लिक सेक्टर पर आधारित था। इस वजह से कुल रक्षा उत्पादन और निर्यात में निजी क्षेत्र का योगदान उतना नहीं था, जितना होना चाहिए था। अब हमारा रक्षा निर्यात कई गुना बढ़ गया है, जिससे भारत दुनिया के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में शामिल हो गया है। इस रफ्तार ने लघु उद्योगों और सहायक क्षेत्र को भी बहुत बढ़ावा दिया है।

**बिहार लोक सेवा आयोग ने की शिक्षक भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित**

## टीआरई-4 : सितंबर में होगी परीक्षा बीपीएससी ने तारीखों का किया ऐलान

- नवंबर में परिणाम किया जाएगा प्रकाशित

प्रात : किरण






पटना। बिहार लोक सेवा आयोग ने टीआरई-4 शिक्षक भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। आयोग द्वारा जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार टीआरई 4 की लिखित परीक्षा सितंबर 2026 में आयोजित की जाएगी, जबकि इसका परिणाम नवंबर 2026 में प्रकाशित किया जाएगा। आयोग के संशोधित वार्षिक परीक्षा कैलेंडर के अनुसार टीआरई 4 की परीक्षा 22 सितंबर से 27 सितंबर 2026 के बीच विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा एकल चरण में लिखित रूप से ली जाएगी।

राज्यभर में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है, इसलिए परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बीपीएससी ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का परिणाम नवंबर 2026 में जारी करने की तैयारी है। परिणाम प्रकाशित होते ही आगे की प्रक्रिया—जैसे दस्तावेज सत्यापन और नियुक्ति—शुरू की जाएगी।

आयोग इस बार निर्धारित समय-सीमा में पूरी भर्ती प्रक्रिया संपन्न करने पर जोर दे रहा है, ताकि स्कूलों में शिक्षकों की रिक्तियां जल्द भरी जा सकें। बता दें कि राज्य सरकार ने हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग को रिक्त पदों की अधियाचना भेजी थी, जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। अब परीक्षा तिथि घोषित होने के बाद जल्द ही विस्तृत नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। संभावना है कि होली के बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस बार भर्ती में डोमिसाइल नीति का लाभ बिहार के अभ्यर्थियों को मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार, बिहार के मूल निवासियों को 85 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा, जबकि अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को शेष 15 प्रतिशत पदों पर अवसर मिलेगा।

### 46,595 पदों पर होगी शिक्षकों की बहाली!

सबसे अहम बात यह है कि इस बार भर्ती का दायरा काफी बड़ा रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक टीआरई 4 के तहत कुल 46,595 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की जाएगी. सूत्रों के अनुसार आयोग जल्द ही आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी करने की तैयारी में है। उम्मीद जताई जा रही है कि मार्च 2026 के पहले सप्ताह में टीआरई 4 का विज्ञापन जारी हो सकता है. विज्ञापन जारी होते ही आवेदन प्रक्रिया, पात्रता, सिलेबस और अन्य जरूरी दिशा-निर्देश साफ हो जाएंगे।

### अभ्यर्थियों में बढ़ा उत्साह

परीक्षा कैलेंडर जारी होने और पदों की संख्या सामने आने के बाद अभ्यर्थियों में उत्साह बढ़ गया है। लंबे समय से नोटिफिकेशन का इंतजार कर रहे उम्मीदवार अब तैयारी को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। शिक्षक भर्ती के इस बड़े अभियान से राज्य में शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ हजारों युवाओं को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। अब सभी की नजर मार्च में जारी होने वाले आधिकारिक विज्ञापन पर टिकी है।

## तारिक रहमान ने बांग्लादेश के पीएम पद की ली शपथ

- 25 मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को नई कैबिनेट में मिली जगह

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। बांग्लादेश को कई वर्षों के बाद पुरुष पीएम मिला है। तारिक रहमान की कैबिनेट में 25 मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को जगह मिली है।

कैबिनेट में डॉ. खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री, शमा ओबैद को विदेश राज्य मंत्री, अमीर खसरू महमूद को वित्त और योजना मंत्री, सलाउद्दीन अहमद को गृह मंत्री, अब्दुल अवल मिंटू को पर्यावरण और वानिकी मंत्री और खंडुकर अब्दुल मुक्तदिर को वाणिज्य मंत्री के तौर पर शामिल किया गया है।

नेशनल पार्लियामेंट के साउथ प्लाजा में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार शाम करीब 4:15 बजे उन्हें शपथ दिलाई। बांग्लादेश की नई सरकार के कैबिनट में शामिल होने वाले 25 मंत्रियों की लिस्ट में मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, अमीर खसरू महमूद चौधरी, सलाहुद्दीन अहमद, इकबाल हसन महमूद टुकू, हाफिज उद्दीन अहमद बीर बिक्रम, अबू जफर एमडी जाहिद हुसैन, अब्दुल अवल मिंटू, काजी शाह मोफज्जल हुसैन कैकोबाद, मिजानुर रहमान मीनू, निताई रॉय चौधरी, खंडाकर अब्दुल मुक्तदिर, अरिफुल हक चौधरी, जहीर उद्दीन स्वपन, अफरोजा खानम रीटा, एमडी शाहिद उद्दीन चौधरी एनी, असदुल हबीब दुलु, एमडी असदुज्जमान, जकारिया ताहिर, दीपेन दीवान, एएनएम एहसानुल हक मिलन, सरदार एमडी सकावत हुसैन, फकीर महबूब अनम, शेख रोबिउल आलम, मोहम्मद अमीन उर रशीद, और खलीलुर रहमान का नाम शामिल हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में लालू यादव की सजा निलंबन की याचिका पर सुनवाई टली

- देवघर जिला कोषागार घोटाले में आरजेडी प्रमुख को दोषी ठहराया गया था

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के देवघर जिला कोषागार घोटाले मामले में मिली सजा के निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई टल गई। अब इस मामले में सुनवाई अप्रैल में होगी। सजा के निलंबन को चुनौती देने के मामले में मंगलवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई के वकील ने कहा कि ये सभी आरोपी अवैध रूप से बाहर हैं और ये दोषसिद्धि के बाद की स्थिति है। सीबीआई की ओर से चारा घोटाले में सजा पाए आरोपियों के सजा से निलंबन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देवघर जिला कोषागार घोटाले में साल 1990 और 1994 के बीच देवघर ट्रेजरी से 89 लाख रुपए की कथित हेराफेरी शामिल है, जिसमें पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू यादव को इस घोटाले में दोषी ठहराया गया था। साल 2017 में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने उन्हें 3.5 साल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही देवघर जिला पशुपालन विभाग को दवा और अस्पताल के लिए सामानों की खरीद के लिए 4.7 करोड़ रुपए दिए गए थे, लेकिन आरोप लगा कि घोटाला करने वालों ने फेक रसीद के सहारे 89 लाख रुपए से अधिक की राशि निकाल ली। इस केस में लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने पद का दुरुपयोग किया और मामले की जांच के लिए आई फाइल को अपने पास रोके रखा।

### आपसी सम्मान के आधार पर चुनाव लड़ें और बंधुत्व को बढ़ावा दें: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि देश में विभिन्न राजनीतिक दलों को बंधुत्व को बढ़ावा देकर आपसी सम्मान के आधार पर चुनाव लड़ने चाहिये। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के हाल के भाषणों पर नौ लोगों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान देश में राजनीतिक दलों के भाईचारे को बढ़ावा देने और आपसी सम्मान के साथ चुनाव लड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया है और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की ऐसी बयानबाजी पर ध्यान देते हुए कहा कि ऐसा आचरण संवैधानिक मयार्दा के अनुकूल नहीं है।

## डीपफेक पर सख्त नियम जरूरी: वैष्णव

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक जैसी तकनीक के संदर्भ में सख्त नियम बनाना बेहद जरूरी है, ताकि बच्चों और समाज को इसके खतरों से बचाया जा सके। एआई एक ऐसा साधन है, जिसका उपयोग हर व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की चुनौतियों को हल करने और समाज की जरूरतों के अनुसार समाधान बनाने में कर सकता है। अश्विनी वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में वाईयूवीएआई तकनीकी नवाचार प्रतियोगिता (हैकाथॉन) में भाग लेने वाले तीन हजार से अधिक छात्रों से बातचीत की। देशभर से आए छात्रों ने स्थानीय भाषाओं और विभिन्न क्षेत्रों पर आधारित एआई समाधान प्रस्तुत किए। वैष्णव ने इसे जमीनी स्तर पर नवाचार और युवाओं की सक्रिय भागीदारी का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन ने वैश्विक स्तर पर बड़ी दिलचस्पी पैदा की है। अगले कुछ सालों में लगभग 17 अरब डॉलर की उद्यम पूंजी निवेश प्रतिबद्धता और करीब 200 अरब डॉलर का बुनियादी ढांचे में निवेश आने की उम्मीद है। यह भारत के एआई तंत्र में दुनिया की गहरी रुचि को दशार्ता है।

## एआई से देश की भावी पीढ़ी बनेगी सशक्त: प्रधान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि एआई से देश की भावी पीढ़ी सशक्त बनेगी। यह तकनीक भारत को वैश्विक स्तर पर ज्ञान की महाशक्ति के रूप में स्थापित करेगा। धर्मेंद्र प्रधान ने भारत मंडपम में चल रहे एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान पत्रकारों से कहा कि भारत की नई पीढ़ी को एआई-सक्षम शिक्षा प्रदान करना अब सरकार की प्रमुख जिम्मेदारी और प्राथमिकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन ने युवाओं में एक नया उत्साह पैदा किया है। इसके अलावा एआई की यह प्रगति साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के मार्ग को प्रशस्त करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दो विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें शिक्षा में एआई और एआई के बारे में शिक्षा शामिल हैं। प्रधान ने कहा, भारत के पारंपरिक ज्ञान से लेकर भविष्य के आधुनिक ज्ञान तक, एआई का उपयोग करके हमें न केवल छात्रों को, बल्कि शिक्षकों और स्कूल-कॉलेज प्रबंधन को भी सशक्त बनाना है।

## सीएम ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। भारत रत्न जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व विधायक अनिल कुमार, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद, जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर के परिजन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी भारत रत्न जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकरी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई तथा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित गीत, भजन-कीर्तन एवं निर्गुण गीत की प्रस्तुति की गई।

**सुविधा** | **स्टॉप केंद्र नेटवर्क का विस्तार कर रही है बिहार सरकार**

## बिहार में सुरक्षित होंगी महिलाएं, जल्द बनेंगे 26 नए वन स्टॉप सेंटर

- अभी मौजूद वन स्टॉप केंद्रों में 23 हजार से अधिक मामले हो चुके हैं दर्ज, लगभग 20 हजार मामलों का हुआ सफल निष्पादन

प्रात : किरण

पटना। किसी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को तुरंत प्रभावी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार वन स्टॉप केंद्र नेटवर्क का विस्तार कर रही है। समाज कल्याण विभाग के महिला एवं बाल विकास निगम के स्तर से राज्यभर में 26 नए वन स्टॉप सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। इन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान में राज्यभर में 39 ऐसे केंद्र चल रहे हैं। नए केंद्रों को मिलाकर आने वाले दिनों में इन केंद्रों की संख्या बढ़कर 65 हो जाएगी। वर्तमान में सभी जिलों में एक-एक तथा पटना में दो वन स्टॉप सेंटर केंद्र संचालित हैं। प्रत्येक केंद्र में 13 प्रशिक्षित कर्मियों की टीम मौजूद है, जो पीड़िता को आश्रय, चिकित्सकीय सहायता, भोजन, कपड़े, मनो-सामाजिक व कानूनी परामर्श एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध करा रहें हैं। जानकारी के अनुसार, नए केंद्रों को जिला मुख्यालय से लगभग 40 किमी दूर अनुमंडल मुख्यालयों पर स्थापित किया जा रहा है, ताकि दूर-दराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी आसानी से इन सेवाओं तक पहुंच सकें।

### तीन वर्षों में 20 हजार से अधिक मामलों का सफल निष्पादन

पिछले तीन वर्षों में इन केन्द्रों पर कुल 23 हजार 585 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 20 हजार से अधिक मामलों का सफल निष्पादन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7,517 मामलों में आए, जिनमें 6 हजार 599 का निपटारा किया गया। कोई पीड़िता मदद के लिए वन स्टॉप सेंटर की हेल्पलाइन नंबर-181 पर फोन कर सकती हैं। इसके साथ ही त्वरित सहायता के लिए वन स्टॉप केन्द्रों को इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्रणाली-112 से भी जोड़ा गया है। इन केन्द्रों पर पीड़ित महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण योजनाओं से भी जोड़ा गया है।

### वन स्टॉप सेंटर: संरक्षण और पुनर्वास का केंद्र

वन स्टॉप केंद्र हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए एक समेकित सहायता तंत्र के रूप में सामने आया है, जहां उन्हें विभिन्न सेवाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर भटकना नहीं पड़ता है। परामर्श के माध्यम से समस्या का समाधान न होने की स्थिति में विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर पीड़िता को राहत प्रदान की जाती है। समस्या के समाधान के पश्चात कम से कम छह माह तक पीड़िता की स्थिति की सतत निगरानी की जाती है। ताकि फिर से हिंसा की स्थिति उत्पन्न न हो।

# आयुक्त की अध्यक्षता में माप-तौल पदाधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में आज प्रमंडलीय सभागार, दरभंगा में प्रमंडल के अंतर्गत तीनों जिलों दरभंगा मधुबनी और समस्तीपुर के जिला माप-तौल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में आयुक्त महोदय ने माप-तौल विभाग की कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला माप-तौल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोल पम्पों एवं जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों का नियमित एवं सघन निरीक्षण सुनिश्चित करें,ताकि उपभोक्ताओं को सही माप एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा प्राप्त हो सके।आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि व्यापारियों एवं प्रतिष्ठानों को लाइसेंस निर्गत करने की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि लाइसेंस निर्गमन की प्रक्रिया को पारदर्शी, त्वरित एवं सुगम बनाया जाए,जिससे व्यवसायियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक राजस्व संकलन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया। बैठक में क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी-सह-क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी आकाश ऐश्वर्य,उप नियंत्रक माप एवं तौल, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा प्रभाकर भारती, अजय कुमार पाल, रजनीश कुमार, सुधीर कुमार एवं मुजफ्फर आलम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लनामिवि के कुलपति के आदेश से पांच एनएसएस इकाइयों में कार्यक्रम पदाधिकारी नियुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के आदेश से एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने पांच कॉलेजों की एनएसएस इकाइयों में 05 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है, जिनमें आरसीएसएस कॉलेज, बिहट, बेगूसराय में समाजशास्त्र के प्राध्यापक डॉ सच्चिदानंद सिंह, आरबी कॉलेज, दलसिंहसराय, समस्तीपुर में हिन्दी के प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार सिंह, बीआरबी कॉलेज, समस्तीपुर की एनएसएस इकाई-02 में मनोविज्ञान के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार मौर्या, आरबीएस कॉलेज, अंदौर, समस्तीपुर में समाजशास्त्र के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार तथा एसएमआरसीके कॉलेज, समस्तीपुर में वाणिज्य के प्राध्यापक लक्ष्मी प्रसाद यादव के नाम शामिल हैं। एनएसएस समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि यह नियुक्ति संबंधित कॉलेजों के प्रधानाचार्य द्वारा भेजी गई शिक्षकों की सूची में से 3 वर्षों के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी कुलपति के आदेश से पांच कॉलेजों की एनएसएस इकाइयों में कार्यक्रम पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई थी, जिनमें जीएमआरडी कॉलेज, मोहनपुर, समस्तीपुर में अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक डॉ लक्ष्मण यादव, एलएनजे कॉलेज, झंझारपुर, मधुबनी में हिन्दी के प्राध्यापक डॉ चंद्रशेखर आजाद, मिल्लत कॉलेज, दरभंगा में मनोविज्ञान की प्राध्यापिका डॉ कीर्ति चौरसिया, एस के कॉलेज, थतिया, रोसड़ा, समस्तीपुर में संगीत के प्राध्यापक डॉ गोपाल कुमार सिंह तथा जे एन कॉलेज, नेहरा, दरभंगा में हिन्दी के प्राध्यापक डॉ विक्रम कुमार के नाम शामिल हैं। कार्यालय सहायक अमित कुमार झा ने बताया कि सभी संबंधित कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र भेजकर पदाधिकारियों का योगदान प्रतिवेदन 15 दिनों में मांगा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि योग्य भूमि अधिग्रहण के विरोध में महा पंचायत 1 ली मार्च को

मुजफ्फरपुर । जिले के पारू प्रखंड अंतर्गत चतुर पट्टी में मंगलवार को अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता अनिसूर रहमान ने की ।बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि भूमि अधिग्रहण के खिलाफ दिनांक 1 मार्च को किसान महापंचायत चैनपुर चिउटाहा मंठ पर होगी, जिसमे संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता शामिल होगे। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के राज्य अध्यक्ष उदय चौधरी ने कहा कि नीतीश सरकार जबरन तीनफसली जमीन को औद्योगिक विकास के नाम पर अधिग्रहित करना चहती है। यह अन्याय पूर्ण कारवाई है । सरकार उपजाऊ जमीन जबरन किसानों से छीनना चाहती है । सभा को किसान नेता अनिसूल रहमान ने कहा कि सरकार पारू प्रखंड के चैनपुर चिउटाहा, चतुरपटी, भोजपटटी ,हरपुर कपड़फोड़ा, बिशनपुर सरैया गांव के किसानों की 700 एकर जमीन का अधिग्रहण कर रही है ।ये छोटे किसान है, जिनकी जीविका का साधन खेती है। बैठक में उस जमीन को बचाने लिए किसानों का आह्वान कियागया। सभा मे सैकड़ों की संख्या में किसान शामिल थे। बैठक में खेत मजदूर किसान सभा के रामानंद राम, बच्चा बाबू राम. विश्वनाथ साह, मंजूर आलम ,रामविलास चौधरी ,जटू राय, कन्हाई राय, विरेंद्र पटेल, दिलीप कुमार, मो सगीर आलम ,आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### एएसआई को गोली मारने वाला अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के बेला थाना क्षेत्र मे पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ की खबर है।इस मुठभेड़ में एक एएसआई को गोली मारने वाला बदमाश घायल हुआ है।पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को बेला थाना क्षेत्र में कुख्यात एटीएम फ्रॉड पप्पू सहनी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने जैसे ही घेराबंदी की, खुद को घिरता देख आरोपी ने गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इसी दौरान बेला थाने में तैनात एएसआई विकास कुमार के पेट में गोली जा लगी। गोली लगते ही वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। साथी पुलिसकर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गई, लेकिन हौसला नहीं टूटा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। गोलियों के इस खेल में कुख्यात पप्पू सहनी भी घायल हो गया और मौके पर ही उसे दबोच लिया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी एटीएम फ्रॉड के कई मामलों में जेल जा चुका है और लंबे समय से पुलिस की रडार पर था। घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी चंदन कुशवाहा और कांतेश कुमार मिश्रा , सिटी एसपी, नगर डीएसपी - 2 समेत कई वरीय अधिकारी अस्पताल पहुंचे । घायल एएसआई का इलाज जारी है।

### चौठारी के साथ 5 दिवसीय महाशिवरात्रि यज्ञ संपन्न

मुजफ्फरपुर। बंदरा प्रखंड के शिवशक्ति धाम बरियारपुर-मोहनपुर में धमार्दा कमिटी के तत्वाधान में आयोजित 5 दिवसीय महाशिवरात्रि यज्ञ महोत्सव सह संगीत सम्मेलन का 39 वां अधिवेशन मंगलवार को चौठारी महोत्सव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। मंगलवार को ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बाबा भोलेनाथ और मईया पार्वती का चौठारी मिथिला के पारंपरिक तरीके से मनाई गई। प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ का समापन हो गया। सोमवार की शाम संगीत सम्मेलन के अंतर्गत विजय राय एवं उनकी टीम के द्वारा विषय कीर्तन एवं सुमधुर गीत संगीत की पेशकश हुई और रात्रि में प्रसिद्ध कलाकार पूजा यादव ने अपने भजनों एवं हिंदी गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया. पूजा यादव के भोलेनाथ तेरी महिमा.. सत्यम शिवम सुंदरम... काहे तेरी अंखियों में पानी और एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से दर्शक भाव-विभोर हो उठे। पूरा शिवशक्ति धाम महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में धमार्दा कमिटी के अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कौशल किशोर ठाकुर, सीताराम सिंह, नारायण गिरी, रमेश ठाकुर, राघवेंद्र ठाकुर, पुरुषोत्तम सिंह, गोपाल, बैजू झा, अजीत शरण, गोलू गिरी, अखिलेश गिरी, गौरव गिरी के साथ युवाओं का जोश और समर्पण सराहनीय रहा।

# बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की माता के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बिहार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष संजय सरावगी की पूजनीय माताजी के निधन के उपरांत आज दरभंगा नगर विधानसभा के कार्यकताओं द्वारा विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कास्यंकार के अध्यक्षता मे लक्ष्मेश्वर पब्लिक लाइब्रेरी लालबाग दरभंगा मे एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम सभी कार्यकताओं ने उनके चित्र और पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री आदित्य नारायण मन्ना ने कहा कि संजय सरावगी जी की माताजी एक धार्मिक, सरल, स्नेहणशील एवं संस्कारवान व्यक्तित्व की धनी थीं। उनका सम्पूर्ण जीवन परिवार एवं समाज के लिए समर्पित रहा। उनका असामयिक निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।अपनी श्रद्धासुमन निवेदित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष सह विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कास्यंकार ने कहा की अध्यक्ष के माताजी का जीवन त्याग, सेवा और संस्कारों की प्रेरणा देने वाला रहा है। उनके द्वारा दिए गए संस्कार आज संजय सरावगी जी के व्यक्तित्व और सार्वजनिक जीवन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। उनका जाना समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। कार्यक्रम का संचालन नगर विधानसभा प्रभारी सह जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सोनी पूर्वे ने की। अंत 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।कार्यक्रम मे पूर्व विधान पार्षद डॉ अर्जुन सहनी, पूर्व महापौर गौरी पासवान,जिला उपाध्यक्ष राजू तिवारी, विकास चौधरी, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मीना झा,जिला मंत्री मीरा मेहता,पिंटू महासेठ,बालेंदु झा, मनोज चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष बबलू पंजियार, मंडल अध्यक्ष रमेश झा,रतन पासवान,संगीत शाह,श्रवण कुमार महतो, जिला प्रवक्ता मनोज कुमार झा, सपना भारती,वीरेंद्र पासवान,अरूण झा,दीपक खर्गा, उज्जवल झा, सुमित कुमार मंडन, कार्तिकेय कुमार,राकेश झा, कैलाश ठाकुर,दिलीप पासवान,मनीष खटीक,विनाय दास,देवेन्द्र झा,ज्योतिकृष्ण झा लवली,कामोद राय,सुनील साह, संतोष साह,सुशील झा, रमण महतो,डॉ आनंद प्रकश झा,रंजू कुमारी,विनीता ठाकुर, आकांक्षा रानी, रंजीत पासवान,सनील राय, राममनोहर प्रहाद, विकास जाजोदिया, मुरारी शर्मा, ध्रुव मंडल, विष्णु ठाकुर सहित मोर्चा के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परमात्मा हम सब के साथ है तो हम एक दूसरे के साथ गलती क्यों करते हैं : शिवगोपाल मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लेहरियासराय ,दरभंगा सेवाकेंद्र के तत्वावधान में सात दिवसीय भगवद् गीता के आध्यात्मिक रहस्य प्रवचन माला सह द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेला कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हुआ। अपने उद्बोधन में उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि दरभंगा जिला सत्र न्यायाधीश शिवगोपाल मिश्रा ने कहा कि आज समाज में गीता की बहुत आवश्यकता है लोग गीता का अध्ययन तो करते हैं लेकिन उसके वास्तविकता को न जानने के कारण लोगों के साथ श्रेष्ठ भावना से व्यवहार नहीं करते। यदि परमात्मा हम सब के साथ है तो हम एक दूसरे के साथ गलती क्यों करते हैं। श्री भगवद् गीता के प्रवचन माला सत्र के उद्घाटन समारोह में न्यायाधीश शिव गोपाल मिश्रा मखाना अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार जी एवं राज्य कर संयुक्त आयुक्त श्रीमती प्रतिमा कुमारी,ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बिहार एवं झारखंड की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी रानी दीदी ,मधुबनी सेवाकेंद्र की प्रभारी संगीता बहन सीतामढ़ी सेवाकेंद्र की प्रभारी वंदना बहन एवं गीता प्रवचन की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी कंचन बहन दरभंगा सेवाकेंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी आरती बहन एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में उद्घाटन सत्र संपन्न हुआ। गीता प्रवचन माला के प्रथम सत्र में ब्रह्माकुमारी कंचन बहन ने बताया कि वर्तमान समय फिर से महाभारत जैसी परिस्थितियों हमारे समाज में पैदा हो चुकी है जिन पात्रों का वर्णन महाभारत काल में किया गया वह सभी पात्र वर्तमान समय भी हमें मौजूद दिखाई दे रहे हैं ऐसे समय पर हम सबको आवश्यकता है फिर से गीता ज्ञान को जीवन में व आचरण में लाने का ताकि हम जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सके क्योंकि गीता के माध्यम से परमात्मा ने हम सभी को जीवन जीने का वह सूत्र दिया है। जिसके द्वारा मानसिक स्थिति से लेकर के वैश्विक स्थिति तक की समस्याओं का समाधान प्राप्त होता है। दूसरे दिन के सत्र में ब्रह्माकुमारी कंचन बहन ने बताया जीवन में अगर विषाद से ऊपर उठना है तो आत्म ज्ञान की आवश्यकता है जब हम स्वयं को आत्मा निश्चय कर लेंगे तो मन रूपी कर्मचारी पर सदा ही हमारा नियंत्रण होगा और मन को सकारात्मक दिशा की ओर क्रियान्वित कर सकेंगे जब अर्जुन ने भगवान से सवाल किया की मन की चंचलता का कारण क्या है तो भगवान ने बताया विषयों की वजह से वासना पैदा होती है। अगर मनुष्य की इच्छाएं पूरी ना हो तो क्रोध पैदा होता है। क्रोध से इच्छा उत्पन्न होता है और तदोपरांत योग का विधि नष्ट हो जाता है।इसलिए भगवान कहते हैं मेरा चिंतन करो तो मन की चंचलता समाप्त हो जाएगी। अपने आशीर्वचन में बिहार ब्रह्माकुमारी प्रमुख राजयोगिनी रानी दीदी जी ने कहा कि यह बहुत अच्छा प्रयास है जो लोगों को गीता का व्यावहारिक अर्थ बताया जा रहा है इससे लोगों का जीवन श्रेष्ठ व चरित्रवान होगा।

# नही रहे पूर्व वार्ड पार्षद शशिकांत दत्त, लोगों ने जताया शोक



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। पूर्व निगम पार्षद वरीय समाजसेवी हर दिल अजीज शशिकान्त दत्त सुबह 8 बजे देवलोक सिधार गये।इनके निधन से पूरे समाज डेनवी रोड एवं गाँव आहिला मे शोक की लहर है और लोग गमगीन है।करीब दो बजे उनका शवयात्रा डेनवी रोड स्थित आवास से निकलकर सत्तीस्थान शुभंकरपुर श्मशानघाट पहुचा जहाँ दाह संस्कार किया गया। शवयात्रा मे सैकडो लोगो ने शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त किया।मुखाग्नि उनके पुत्र पंकज कु.दत्ता ने दिया। वे अपने पीछे तीन पुत्र सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गये है। आज शोक संवेदना व्यक्त करने वालो मे हमारे वार्ड पार्षद मुकेश महासेठ,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना,ट्रेड यूनियन नेता आर के दत्ता, विधापति सेवा संस्थान के महासचिव बैजनाथ चौधरीजी पूर्व पार्षद गगन कु.झा,पूर्व पार्षद उपेन्द्र कुमार,अखिलेश कुमार लाल, योगेश चन्द्र यादव,संतोष सिह,चंदन सिह,कैलाश यादव,मुकेश सिन्हा,सच्चिदानन्द झा, राजीव कु.सिह,चित्रगुप्त सभा के संतोष श्रीवास्तव ,मनोज श्रीवास्तव सहित परिवार व समाज के कई गणमान्य लोग शामिल है।

# आपसी रंजिश में मारी गोली

मुजफ्फरपुर। जेल से छूट कर आए एक व्यक्ति को आपसी रंजिश में गोली मार दी गई।घटना अहियापुर जीरो माइल चौक की बताई गई है। घायल की पहचान लक्ष्मी राय के रूप में हुई है, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना आपसी रंजिश का परिणाम बताई जा रही है। लक्ष्मी राय जब जीरो माइल चौक के पास मौजूद थे, तभी अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। एक गोली उनके बाएं कंधे में लगी, जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पड़े।गोलीबारी की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अहियापुर थाना प्रभारी रोहन कुमार और एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

# अस्पताल व स्कूल आमजनों का सबसे प्रमुख जीवनरेखा , निदान जरूरी : विधायक

**बजट सत्र के दौरान विधायक ने की दरभंगा सदर और मनीगाछी के स्वास्थ्य केंद्रों को दुरुस्त करने की मांग**

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। दरभंगा ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत स्वास्थ सेवाओं को दुरुस्त करने को लेकर विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने बजट सत्र के दौरान सदन में प्रमुखता से सरकार एवं आसन का ध्यानाकृष्ट किया। साथ ही विधायक श्री मंडल ने मनीगाछी ओर सदर प्रखंड के सभी स्वास्थय केंद्रों में रिक्तियां भरने का भी अनुरोध आसन से किया। सदन में बोलते हुए विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष ईश्वर मंडल ने कहा कि मनीगाछी एवं सदर प्रखंड के रेफरल अस्पताल सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों में जेनरल सर्जन, फिजिसियन , पीडियाट्रिक्स, स्त्री रोग विशेषज्ञ एनस्थेस्टिक जैसे महत्वूर्ण डॉक्टरों , नर्सों एवं आधुनिक जांच उपकरणों की शत प्रतिशत उपलब्धता आवश्यक हैं। विधायक ने कहा कि अस्पताल ओर स्कूल आमजनों का सबसे प्रमुख जीवनरेखा हैं। इसलिए जिस गरीब गुरबा नौजवान किसानों ने उन्हें उनके बुनियादी सुविधाओं ओर अधिकारों को सुनिश्चित करने की लिए सदन भेजा हैं। उन सबों की सेवा ओर उनके स्वास्थ की सुरक्षा ही मेरी पहली प्राथमिकता हैं। विधायक श्री मंडल ने कहा कि दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उक्त समस्या से अवगत कराते ही सरकार एवं आसन से शीघ्र निदान का आश्वासन भी मिला हैं।

# कांग्रेस पार्टी के संगठन को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक धारदार बनाने का काम किया जाएगा : संगीता बेनीवाल

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। कांग्रेस पार्टी अब संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत पार्टी पदाधिकारियों का नए सिरे से चयन करेगी और चयनित पदाधिकारियों को संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उक्त बातें संगठन सृजन कार्यक्रम की एआईसीसी पर्यवेक्षक श्रीमती संगीता बेनीवाल ने सोमवार की देर शाम स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिए कांग्रेस पार्टी के संगठन को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक धारदार और मजबूत बनाने का काम किया जाएगा।आगे उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से पूरी निष्पक्षता और पारदर्शी तरीके से जिलाध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों की भी नियुक्ति की जाएगी।उन्होंने कहा कि एक सप्ताह हमे इसी जिला में रहकर सभी प्रखंडों और जिला के कार्यकताओं के साथ बैठक कर उनकी बातों को सुनकर शीर्ष नेतृत्व को बताना है। कहा कि कल बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में सभी प्रखंडों और जिला के पदाधिकारियों से वन टू वन मिलने का कार्यक्रम निर्धारित है, उन्होंने बिहार की डबल इंजन सरकार को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि सरकार का सिस्टम पूरी तरह से फेल हो गया है. चारो ओर छोटी छोटी उम्र की बच्ची और छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्याये हो रही है. लेकिन सरकार पूरी तरह से बेखबर है। मौके पर, एआईसीसी सदस्य नलिनी रंजन झा, जिलाध्यक्ष दयानंद पासवान, मीडिया प्रभारी मो.असलम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यकताओं ने उनका पाग चादर से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

# डीएम ने दिया 48 घंटे के अंदर बायो मेडिकल कचरे के निपटान का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर सूची तैयार करने तथा 48 घंटे के भीतर संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों को कचरे निपटाने का कडा निर्देश दिया है। निर्देश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी है।जिले में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा तथा बायो-मेडिकल कचरे के समुचित प्रबंधन को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, निजी एवं सरकारी अस्पतालों के प्रतिनिधियों सहित अन्य संबंधित हितधारकों ने भाग लिया।बैठक का मुख्य उद्देश्य मेडिकल कचरे के अनुचित निपटान से होने वाले खतरों पर चर्चा करते हुए उसके वैज्ञानिक एवं नियमसम्मत प्रबंधन को सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मेडिकल कचरे का यत्र-तत्र फेंका जाना न केवल पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि इससे मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया बैठक में बताया गया कि अस्पतालों, क्लीनिकों, पैथोलॉजी लैब, पशु चिकित्सा केंद्रों तथा टीकाकरण केंद्रों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में बायो-मेडिकल कचरा निकलता है। फलतः इसका वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन एवं निपटान जरूरी है अन्यथा यह संक्रमण और प्रदूषण का बड़ा कारण बन सकता है।संक्रमित सुई, ब्लेड, ड्रेसिंग सामग्री, रक्त एवं शारीरिक द्रव से सने पदार्थ कई गंभीर रोगों के प्रसार का माध्यम बन सकते हैं।

सुई चुभने की घटनाएं विशेष रूप से स्वास्थ्यकर्मियों और सफाई कर्मियों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं।इसके अतिरिक्त, खुले में मेडिकल कचरा जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं। रासायनिक अपशिष्ट मिट्टी और भू-जल को प्रदूषित करते हैं, जिससे दीर्घकालिक पर्यावरणीय क्षति होती है। प्लास्टिक आधारित मेडिकल कचरा पर्यावरण में लंबे समय तक बना रहता है और पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करता है।

# वार्षिक माध्यमिक परीक्षा शुरू: डीएम-एसएसपी ने किया केंद्रों का औचक निरीक्षण, कदाचार पर जीरो टॉलरेंस

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के प्रथम दिन के प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिकारीद्वय ने महिला शिल्प कला महाविद्यालय सहित कई अन्य केंद्रों का निरीक्षण किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था, सघन तलाशी एवं प्रवेश की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षक को परीक्षा संचालन नियमावली का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। प्रवेश द्वार पर स्टैटिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में सघन फ्रिस्किंग कराने, इलेक्ट्रॉनिक एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पर पूर्ण रोक लगाने तथा प्रत्येक परीक्षार्थी की कड़ाई से फ्रिस्किंग करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा भवन के भीतर प्रवेश न कर सके। मंगलवार 17 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाली मैट्रिक परीक्षा के लिए जिले में कुल 82 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। संभावित भीड़, यातायात दबाव एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्रों के 200 गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 30 मिनट पूर्व परीक्षा भवन में प्रवेश करना अनिवार्य है। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 9:30 बजे से प्रारंभ है, जिसके लिए अधिकतम 9:00 बजे तक ही प्रवेश दिया जा सकता है। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:00 बजे से शुरू है और 1:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले विद्यार्थियों को संबंधित पाली की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि 17 फरवरी से अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। शहर में संभावित भीड़ एवं यातायात दबाव को देखते हुए परीक्षार्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि किसी विशेष परिस्थिति में किसी परीक्षार्थी की किसी पाली की परीक्षा छूट जाती है तो घबराने और परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा समाप्ति के कुछ ही दिनों बाद बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें संबंधित परीक्षार्थी अपने छूटे हुए विषय या संपूर्ण परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इससे उनका शैक्षणिक सत्र प्रभावित नहीं होगा।जिलाधिकारी ने स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन हेतु सभी अभिभावकों एवं नागरिकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि के दौरान व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का साथ दें, ताकि सभी परीक्षार्थी तनावमुक्त वातावरण में अपनी परीक्षा दे सकें।

# रिश्वत लेते प्रभारी कृषि पदाधिकारी एवं ड्राइवर गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई ने बड़ी कार्रवाई की है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सह प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार और उनके ड्राइवर रामबाबू राय को 50,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए आज गिरफ्तार कर लिया गया है। बीते जनवरी माह में जिला कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार एक संविदा कर्मी से रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद अनुमंडल कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार जिला कृषि पदाधिकारी के प्रभार में थे।हत्था थाने के सखौरा निवासी दो उर्वरक विक्रेता संजीत कुमार एवं रंजीत ठाकुर की लिखित शिकायत के आधार विशेष निगरानी इकाई, पटना ने 50,000 रिश्वत लेते हुए हिमांशु कुमार एवं उसके निजी ड्राइवर रामबाबू राय को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।विशेष निगरानी इकाई ने आज ही संजीत कुमार, एवं रंजीत ठाकुर के लिखित शिकायत के आधार पर हिमांशु कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर एवं उनके निजि चालक राम बाबू राय के विरूद्ध धारा 7 भ्रष्ट्राचार निरोधक कानुन के तहत कांड संख्या-06/2026 दर्ज किया गया था। परिवादी ने आरोप लगाया था कि हिमांशु कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के द्वारा 2 लाख 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। रिश्वत नही देने पर खाद दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की धमकी दी गई थी।शिकायत मिलने के बाद टीम ने गुप्त जांच और सत्यापन किया। रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि होने पर पुलिस उपाधीक्षक बिंदेश्वर प्रसाद और सुधीर कुमार के नेतृत्व में एक विशेषद्मधावा दल का गठन किया गया। मंगलवार को टीम ने मुजफ्फरपुर में योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की।जैसे ही ड्राइवर रामबाबू राय ने अधिकारी के इशारे पर परिवादी से रिश्वत की राशि स्वीकार की, पहले से मौजूद टीम ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर केमिकल टेस्ट के जरिए रिश्वत के लेन-देन की पुष्टि की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### दुगार्पुर पंचायत जदयू युवा अध्यक्ष बने इंदल यादव, कार्यकताओं में खुशी

मधेपुरा। प्रखंड युवा जनता दल (यू) पुरैनी के अध्यक्ष मो. शमशाद ने दुगार्पुर ईसान टोला निवासी इंदल कुमार यादव को दुगार्पुर पंचायत का जदयू युवा अध्यक्ष मनोनीत किया। मनोनयन पत्र सौंपते हुए उन्होंने कहा कि इंदल यादव का चयन पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता एवं संगठनात्मक योगदान को देखते हुए किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवमनोनीत पंचायत युवा अध्यक्ष पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों का पालन करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने तथा पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इंदल कुमार यादव को युवा अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं में खुशी का माहौल रहा। जदयू प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सहित कई कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायत में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी तथा संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

### शिव आराधना में देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु

मधेपुरा। बाबा सिंहेश्वरनाथ मंदिर परिसर स्थित शिवगंगा तट पर श्रृंगी ऋषि सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित आठ दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव में भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। संध्या सात बजे तापस पंडा समाज द्वारा आयोजित भव्य महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव की आराधना की। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायिका सौम्या सिंह एवं लोक गायक गौरव लाल यादव उर्फ जूनियर खेसारी ने भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी। ह्लऐ गणेश की मम्मी तनी हमके भांग पिलाई नाह्न समेत कई लोकप्रिय शिव भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और पूरा शिवगंगा तट हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। महोत्सव के दौरान संकल्प पूजा एवं महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत का भरपूर आनंद लिया। आयोजन में मंदिर न्यास समिति के सदस्य, फाउंडेशन पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अज्ञात अपराधियों ने महिला की गोली मारकर की हत्या

बरारी/कटिहार। सेमापुर थाना क्षेत्र के मोहना चाँदपुर गांव में अज्ञात अपराधियों ने एक 28 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान शरीफा खातून, पति- एहतसाम हुसैन के रूप में हुई है, जो मोहना चाँदपुर (वार्ड नंबर-01) की निवासी थी। घटना की जानकारी मिलते ही सेमापुर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 रंजन कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

### आयुक्त ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

मधेपुरा। मधेपुरा। कोशी प्रमंडल के आयुक्त ने मंगलवार को जननायक कपूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी, विभिन्न वार्ड, दवा भंडार, प्रयोगशाला सहित कई विभागों का निरीक्षण किया तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की जांच की। आयुक्त ने मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, बिजली एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। दवा भंडार की समीक्षा करते हुए जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को सभी विभागों की कार्यप्रणाली मजबूत करने, मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने तथा परिसर में नियमित साफ-सफाई एवं जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के सुरक्षित निष्पादन पर विशेष ध्यान देने को कहा। आयुक्त ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आमजन का विश्वास बनाए रखना प्राथमिकता है। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार के लिए नियमित निरीक्षण जारी रहेगा तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन हेतु समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी: सांसद

## बारसोई में बिजली विभाग के साथ की बैठक, विभिन्न क्षेत्रों में हाई मास्ट लाइटों का किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता



कटिहार। सांसद तारिक अनवर ने सोमवार को बारसोई प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने न केवल स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं, बल्कि विकास कार्यों को गति देते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन भी किया। दौरे के क्रम में सांसद ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की। उन्होंने क्षेत्र में बिजली की अनियमितता और उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों पर कड़ी नाराजगी जताई। सांसद ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और त्वरित गति से किया जाए। उन्होंने बिजली व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कई तकनीकी सुधारों पर भी चर्चा की। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत सांसद ने रघुनाथपुर चौक, ग्वालटोली ईदगाह खेल मैदान, इमादपुर हाट, बिघोर हाट, बसलगांव के कोटरा और रंगामटीया में नवनिर्मित हाई मास्ट टावर लाइटों का फीता काटकर उद्घाटन किया। इन लाइटों के लगने से अब इन सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में रात के समय भी बेहतर रोशनी उपलब्ध रहेगी, जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी।वही क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सांसद ने सुधानी और तेलता रेलवे स्टेशन पर राधिकापुर-सिलीगुड़ी डीएमयू ट्रेन के ठहराव का शुभारंभ किया। उन्होंने दोनों स्टेशनों पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधाओं में विस्तार करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में जनहित से जुड़ी अन्य मांगों को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा इस कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, शहनवाज खान, नगीना यादव, सउद मुखिया, इंजीनियर तनवीर शम्सी, मोहम्मद हबीब, फैजान अहमद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

# महावीर नारायण जनकल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रात: किरण अखबार को दी प्राथमिकता

प्रात: किरण संवाददाता




मधेपुरा। सामाजिक कार्यों के लिए सक्रिय संस्था महावीर नारायण जनकल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार ने स्थानीय पत्रकारिता को सम्मान देते हुए प्रातः किरण दैनिक अखबार को विशेष प्राथमिकता दी है। ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रकाशित कैटलॉग में अखबार में प्रकाशित खबर को प्रमुख स्थान दिया गया है। बताया गया कि प्रातः किरण दैनिक के जिला संवाददाता रंजीत कुमार द्वारा प्रकाशित समाचार को ट्रस्ट ने अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए महत्वपूर्ण मानते हुए अपने आधिकारिक कैटलॉग में शामिल किया है। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि समाज के विकास एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने में समाचार पत्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी उद्देश्य से ट्रस्ट की गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं से संबंधित खबरों को कैटलॉग में मुख्य रूप से स्थान दिया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट शिक्षा, स्वास्थ्य, कन्या दान योजना, सामाजिक जागरूकता, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे कई क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहा है। कैटलॉग में इन योजनाओं के साथ समाचार पत्र को स्थान देकर संस्था ने स्थानीय मीडिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की है। इस पहल को लेकर ट्रस्ट के महासचिव मनोज कुमार ने कहा कि यह एक सकारात्मक कदम है, जिससे सामाजिक गतिविधियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर पर आम लोगों तक पहुंच सकेगी।

# लक्ष्य कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय मूल्यांकन शुरू गुणवत्तापूर्ण प्रसव सुविधाओं की हुई जांच



प्रात: किरण संवाददाता

डंडखोरा कटिहार। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से संचालित लक्ष्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डंडखोरा का राष्ट्रीय स्तरीय मूल्यांकन किया गया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकन कर्ता डॉ. ध्रुव ज्योति बोरा और डॉ. लक्ष्मी बजाज की टीम ने अस्पताल पहुंचकर विभिन्न मानकों पर बारीकी से जांच की। इस उच्च स्तरीय मूल्यांकन के दौरान टीम ने मुख्य रूप से लेबर रूम,ओपीडी तथा दवा भंडार कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मूल्यांकन कताओं ने अस्पताल की स्वच्छता, उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों की क्रियाशीलता, दवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यकुशलता की समीक्षा की। इस दौरान टीम ने प्रसव के दौरान दी जाने वाली देखभाल और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया। बतादे कि लक्ष्य कार्यक्रम का मुख्य ध्येय सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव के दौरान दी जाने वाली देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करना है, ताकि गर्भवती महिलाओं को सम्मानजनक और सुरक्षित मातृत्व देखभाल मिल सके। मौके पर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल के अन्य चिकित्सा कर्मी मुस्तैद रहे।

# अररिया के जिला पर्यवेक्षक बने नैयर मसूद खान

## नियुक्ति से समर्थकों में उत्साह, नैयर मसूद खान ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति जताया आभार

प्रात: किरण संवाददाता



कटिहार । कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत बिहार के विभिन्न जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार पूर्णिया सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान को अररिया जिला का पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अररिया जिले के लिए कुल चार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इनमें कटिहार सांसद तारिक अनवर, कटिहार अमला टोला निवासी नैयर मसूद खान, मुदस्सिर शम्स और प्रेमचंद सिंह शामिल हैं। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से बूथ स्तर तक पार्टी की संरचना को सुदृढ़ किया जाएगा और कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका दी जाएगी। अररिया जिला पर्यवेक्षक बनाए जाने पर नैयर मसूद खान ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्णिया सांसद राजेश रंजन, सांसद रंजीता रंजन, प्रदेश प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम तथा वरिष्ठ नेता तारिक अनवर सहित सभी शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। नैयर मसूद खान ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन सृजन अभियान के तहत वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक कार्यकताओं से संवाद स्थापित कर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी और वे कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर कांग्रेस को अररिया जिले में और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में काम करेंगे। नियुक्ति की खबर मिलते ही समर्थकों और कार्यकताओं ने नैयर मसूद खान को बधाई दी तथा उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

# महत्वपूर्ण योजनाओं व व्यवस्थाओं की आयुक्त ने की समीक्षा




प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार में मंगलवार को कोशी प्रमंडल, सहरसा के आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंहेश्वर मंदिर से संबंधित व्यवस्थाओं, प्रगति यात्रा की प्रगति समीक्षा तथा प्रस्तावित समृद्धि यात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगर परिषद एवं बुडको से जुड़ी संचालित योजनाओं, औद्योगिक क्षेत्र के विकास कार्यों तथा आधारभूत संरचना से संबंधित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही प्राप्त परिवाद पत्रों, लोक शिकायतों एवं एमजेसी मामलों के निष्पादन की स्थिति पर भी चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन करने पर जोर देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ आम लोगों तक शीघ्र पहुंचना प्राथमिकता होनी चाहिए।

# कृषि प्रदर्शनी-सह-किसान मेला का उप निदेशक ने किया निरीक्षण, किसानों को दी कीट प्रबंधन की जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सिंहेश्वर स्थान मेला परिसर में 15 से 18 फरवरी 2026 तक आयोजित कृषि प्रदर्शनी-सह-किसान मेला का मंगलवार को उप निदेशक (पौधा संरक्षण-सह-भोडल पदाधिकारी, बामेती, पटना) श्री नीरज कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेले में संचालित किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर किसानों को फसलों में लगने वाले कीट एवं व्याधि प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कृषि प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मेले में कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा मत्स्य, पशुपालन, जीविका, बाल विकास, मिट्टी जांच प्रयोगशाला, इफको, डी-हाट तथा कृषि यंत्र विक्रेताओं के स्टॉल लगाए गए थे, जिनका निरीक्षण किया गया। इस दौरान आगंतुक किसानों की पंजी का भी अवलोकन किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सिंहेश्वर श्री शुभम कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक श्री अमरेश कुमार, लेखापाल मो. मुमताज, किसान सलाहकार ललन कुमार, मनोज कुमार सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। मेला निरीक्षण के बाद संयुक्त कृषि भवन, मधेपुरा में बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद) वर्जन 4.0 प्रशिक्षण के दूसरे दिन की गतिविधियों का भी निरीक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में श्री धनंजय कुमार पांडेय एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक मनीष कुमार मौजूद रहे।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न, बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने का निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। मधेपुरा। जननायक कपूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के सभागार में मंगलवार को रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोशी प्रमंडल सहरसा के आयुक्त ने की, जिसमें अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता, दवाओं की नियमित आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता तथा मरीजों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। आयुक्त ने निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को समयबद्ध एवं बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अस्पताल की अधोसंरचना को मजबूत बनाने, आवश्यक उपकरणों के नियमित रख-रखाव तथा शिकायत निवारण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बेटे के इलाज के लिए पिता की गुहार जमीन बिक गई अब खाने के भी लाले



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। शंकरपुर प्रखंड के बथान परसा गांव निवासी बीरबल शर्मा आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उनके पुत्र मनीष कुमार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके इलाज में परिवार की पूरी जमा पूंजी और जमीन-जायदाद बिक गई। परिजनों के अनुसार, शंकरपुर अस्पताल जाने के दौरान कलुआ मोड़ के पास हुई दुर्घटना में मनीष गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। बेहतर इलाज के लिए उन्हें नेपाल के एक न्यूरो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन महीने इलाज चला। डॉक्टरों ने आगे के इलाज व देखभाल के लिए प्रतिदिन करीब पांच हजार रुपये खर्च बताया है। आर्थिक तंगी के कारण अब परिवार के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मनीष कुमार की पत्नी और तीन छोटे बच्चों की जिम्मेदारी भी परिवार पर है। पीड़ित पिता ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से आर्थिक सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है। परिवार अब समाज और प्रशासन से मदद की उम्मीद लगाए बैठा है।

# अंतर जिला महिला फुटबॉल टूनार्मेंट के लिए टीम का चयन

प्रात: किरण संवाददाता



कटिहार। आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिहार राज्य फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित होने वाले सीनियर महिला अंतर जिला फुटबॉल टूनार्मेंट के लिए जिला महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। चयन प्रक्रिया मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिला फुटबॉल संघ के महासचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला ने बताया कि टीम का चयन अनुभवी चयनकताओं की देखरेख में किया गया है। चयन समिति में मुख्य चयनकर्ता के रूप में हीरालाल शामिल थे, जबकि सदस्य के तौर पर बिनोद कुमार चौधरी, शुभाशीष मूर्मू, शुभम कुमार राजा और आशिष कुमार साह ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मैदान पर बेहतर तालमेल और कौशल निखारने के लिए चयनित सभी खिलाड़ियों को मनिहारी बेतेल मिशन में 10 दिनों का कड़ा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर प्रशिक्षक शुभाशीष मूर्मू के नेतृत्व में संचालित होगा, जिसकी निगरानी स्वयं मुख्य प्रशिक्षक करेंगे।जिला टीम के लिए चयनित प्रमुख खिलाड़ियों में प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, नीशा हेम्ब्रम, रेशमा टूड्डु, सजोनी मूर्मू, मंती बास्की, ममता कुमारी, खुशबू मरांडी, खुशबू सोरेन, सोनिया हेम्ब्रम, रेशमा खान, प्रीया हेम्ब्रम, सोनाली कुमारी, शांति टूडू, अंजलि हेम्ब्रम, जोनिता टुडू, कपूर मुनी हांसदा, राखी कुमारी, रुपाली डे, मनिषा कुमारी, सुमित्रा मुर्मू, राधा कुमारी और खुशबू हेम्ब्रम शामिल हैं।यह टीम राज्य स्तरीय टूनार्मेंट में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि बेटियां शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगी।

# गंगा घाट पर अपराध की साजिश रचते दो बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

बरारी /कटिहार। जिला पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एक संयुक्त और त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में लगे दो अपराधियों को धर दबोचा है। यह गिरफ्तारी बरारी थाना क्षेत्र के बकिया सुखाय गंगा घाट के पास से की गई है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं। बताते चले कि रविवार की रात बरारी थानाध्यक्ष को एसटीएफ टीम के माध्यम से गुप्त सूचना मिली थी कि गंगा घाट के किनारे कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने एसटीएफ के साथ मिलकर बकिया सुखाय गंगा घाट पर छापेमारी की। पुलिस बल को अपनी ओर आता देख वहां मौजूद दो संदिग्ध भागने लगे, जिन्हें पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए चारों तरफ से घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस हिरासत में लिए गए अभियुक्तों की पहचान 19 वर्षीय सूरज कुमार (पिता सकलदीप यादव) और 40 वर्षीय गुड्डु यादव (पिता स्व. रामदेव यादव) के रूप में हुई है। ये दोनों ही आरोपी बरारी थाना क्षेत्र के बकिया सुखाय गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।तलाशी के दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने बरामद सामान को जब्त करते हुए दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है ।

# खुलेआम शराब बिक्री से परेशान जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार, अविलंब कार्रवाई की मांग

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा। जिले के उदाकिशुनगंज प्रखंड अंतर्गत मंजीरा गांव में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं का आक्रोश खुलकर सामने आया है। भारत जीविका महिला ग्राम संगठन से जुड़ी दर्जनों जीविका दीदियों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री को आवेदन भेजकर गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में खुलेआम हो रही शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि गांव में लगातार बढ़ रही अवैध शराब बिक्री से सामाजिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है और कई परिवार बबार्दी के कगार पर पहुंच चुके हैं। आवेदन में बताया गया है कि दिन-रात शराब का कारोबार संचालित होने से परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है, घरेलू विवाद बढ़ रहे हैं तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है। जीविका दीदियों के अनुसार कई घरों में कमाने वाले पुरुष शराब की लत में पड़कर अपनी जिम्मेदारियों से दूर हो गए हैं, जिससे परिवारों के सामने भरण-पोषण का संकट गहराता जा रहा है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि जब वे शराब बिक्री का विरोध करती हैं तो शराब कारोबार से जुड़े लोग मारपीट और धमकी पर उतारू हो जाते हैं, जिससे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। महिलाओं ने यह भी कहा कि शराब के कारण क्षेत्र में अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई है और आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा गांव में शांति एवं कानून-व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आवेदन पर भारत जीविका महिला ग्राम संगठन की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित कई महिलाओं के हस्ताक्षर मौजूद हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगा, जिससे गांव में सुरक्षित एवं स्वस्थ सामाजिक वातावरण बहाल हो सके।

# 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ संपन्न, भव्य कलश शोभायात्रा की तैयारी



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। उदाकिशुनगंज प्रखंड के खाड़ा पंचायत अंतर्गत शिनवाड़ा (चबियारी) गांव में आयोजित 48 घंटे के अखंड रामध्वनि यज्ञ को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। यज्ञ से पूर्व 16 फरवरी की शाम 5 बजे से 17 फरवरी की शाम 5 बजे तक 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। बुधवार सुबह 7 बजे 251 कन्याओं की सहभागिता से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शिनवाड़ा चबियारी से निकलकर विभिन्न गांवों एवं बुधामा शिव मंदिर होते हुए काली पोखर से जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचेगी। शोभायात्रा में पंचायत प्रतिनिधियों सहित बाड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। सामाजिक कार्यकर्ता शंभू चौधरी ने बताया कि रामध्वनि यज्ञ 18 फरवरी से शुरू होकर 20 फरवरी को पूणार्हुति एवं विसर्जन के साथ संपन्न होगा। आयोजन के दौरान सहरसा एवं नेपाल से आई चार मंडलियों द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। यज्ञ स्थल पर मंडप निर्माण, पंडाल सजावट, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। आयोजन की तैयारी में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

# धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का जिलाधिकारी का निर्देश, लक्ष्य का 74 प्रतिशत कार्यपूर्ण



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने सोमवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि जिले के लिए निर्धारित कुल लक्ष्य 94,777 मीट्रिक टन के विरुद्ध अब तक 70,191 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की जा चुकी है, जो लगभग 74 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि धान का क्रय कार्य 28 फरवरी 2026 तक ही किया जाएगा, ऐसे में शेष अवधि में लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाए। समीक्षा के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि जिन पैक्स एवं व्यापार मंडलों का प्रदर्शन कमजोर रहा है, उनके निर्धारित लक्ष्य में कटौती कर बेहतर कार्य करने वाले पैक्स/व्यापार मंडलों को अतिरिक्त लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिप्राप्ति की गति और तेज की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में कुल 10,683 किसानों से धान का क्रय किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से सीमांत और छोटे किसानों से अधिक से अधिक धान की खरीद सुनिश्चित करने का निर्देश सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को दिया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जेपी सम्मान योजना में आएगी तेजी, डीएम ने 61 आवेदनों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जेपी सम्मान योजना को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी 61 लंबित आवेदनों का कारा (जेल) और प्रखंड स्तर पर सत्यापन एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया। सत्यापन रिपोर्ट मिलते ही अगली बैठक में अंतिम निर्णय लेकर लाभार्थियों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। जेपी सेनानियों के आवेदनों का एक हफ्ते में होगा सत्यापन, जिलाधिकारी ने इसके लिए अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है। राज्य स्तर से प्राप्त 61 आवेदनों पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है।

जमीनी जांच प्रखंड और अंचल स्तर पर आवेदनों की सत्यता जांची जाएगी। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय और कारा अधीक्षक समेत अन्य वरीय अधिकारी शामिल रहे ताकि डेटा का मिलान तेजी से हो सके।

# मैट्रिक के पहले दिन की परीक्षा में नकल पर नकेल कसने का प्रशासन ने किया प्रयास

- शांतिपूर्ण संपन्न हुई मैट्रिक के पहले दिन की परीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की मैट्रिक की परीक्षा के पहले दिन सारण जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। परीक्षा में कदाचार को रोकने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा पुख्ता व्यवस्था किया गया था। जिसमें जिले के सभी वरीय पदाधिकारी की गाड़ियां सड़कों पर दौड़ती नजर आई ।ये पदाधिकारी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा करते नजर आए तथा परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए पुरजोर प्रयास किए। वहीं कदाचार को रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों का मुख्य गेट बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के आदेशानुसार 9:00 बजे दिन में ही बंद कर दिए गए।9:00 बजे तक ज्यादातर परीक्षार्थियों का परीक्षा हॉल में प्रवेश हो गया था। वही द्वितीय पाली में भी प्रवेश द्वार को परीक्षा शुरू करने से आधे घंटे पहले बंद कर दिया गया। परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले दण्डाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं केंद्र के कर्मियों द्वारा परीक्षार्थियों का जांच कर प्रवेश की अनुमति दी गई। वहीं सभी परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान भी परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों का किए दौरा मंगलवार को मैट्रिक वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सारण पुलिस द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी केंद्रों पर पुलिस बल की सक्रिय तैनाती सुनिश्चित की गई थी। इसके साथ ही, वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारीगण स्वयं लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं, जिससे समूचे जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी सारण एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सारण द्वारा भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी परीक्षा हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में आज बिजली रहेगी गुल

इसुआपुर। पावर सब-स्टेशन इसुआपुर से प्रखंड के संबद्ध गांवों की बिजली बुधवार को दिन में कटी रहेगी। इस बावत विभागीय जेई इसुआपुर मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि इसुआपुर फीडर में बुधवार को मेंटेनेंस का कार्य कराया जाना है।जिसको लेकर 33 केवीए का लाइन सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक काट दिया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं की असुविधा के प्रति खेद व्यक्त करते हुए अपील की है कि वे समय रहते अपने घरों में मोटर से पानी चढ़ाने या अन्य बिजली से संबंधित आवश्यक कार्य कर लेंगे।

### छपरा विधि मंडल के बड़े नामांकन शुल्क को बिहार राज्य विधिक परिषद ने रद्द किया

छपरा। विधि मंडल कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा अधिवक्ताओं के वर्ष 2026- 2028 चुनाव मे नामांकन शुल्क में पांच गुना वृद्धि की गई थी। अध्यक्ष ,महामंत्री के लिए नामांकन शुल्क दस हजार किया गया था एवं अन्य पदों के लिए भी शुल्क में बढ़ोतरी की गई थी। जिसके विरोध में छपरा विधि मंडल के अधिवक्ताओं ने बिहार राज्य विधिक परिषद को एक आवेदन भेजा था जिसपर सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने अपना हस्ताक्षर किया था। आवेदन की सुनवाई के पश्चात बिहार राज्य विधिक परिषद के माननीय अध्यक्ष और सम्मानित सदस्यों द्वारा एडवोकेट मॉडल रूल के मुताबिक अध्यक्ष महामंत्री उपाध्यक्ष के पद के लिए एक हजार और कोषाध्यक्ष संयुक्त सचिव सहायक सचिव जिसका नामांकन शुल्क पांच हजार किया गया था उसे घटाकर पांच सौ रुपया कर दिया है साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों का नामांकन शुल्क जो पच्चीस सौ रुपया किया गया था उसे घटा कर दो सौ पचास रुपए कर दिया है।विधिक परिषद पटना से सूचना मिलते हैं छपरा विधि मंडल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कल्याण किशोर ने पूर्व के बढ़ाए गए सभी दामों को एडवोकेट मॉडल एक्ट रूल के मुताबिक कर दिया है। विधि मंडल में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अंतिम दिन था।नामांकन पत्र की बिक्री प्रारंभ हो गई है। बिहार विधिक परिषद के आदेश आने के बाद छपरा विधि मंडल के अधिवक्ताओं ने बिहार राज्य विधिक परिषद के सदस्यों एवं अध्यक्ष महोदय का आभार व्यक्त किया है।

### पुजारी के कमरे से हुई चोरी मामले दस हजार रु के साथ बाप बेटा गिरफ्तार

बनियापुर।सहाजितपुर थाना क्षेत्र के धवरी मठिया के पुजारी के कमरे से नगदी सहित अन्य सामग्री की चोरी हो गयी थी,जिस मामले मे त्वड़ित अनुसन्धान करते सहाजितपुर पुलिस ने दो भाइयो को नगदी दस हजार रुपया बरामद किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मठिया के पुजारी रघुनाथ दास जब इलाज के लिए बाहर चले गए थे,इस क्रम मे चोरो द्वारा उनके कमरे से सीढी से कमरे मे उतर कर नगदी एक लाख छब्बीस हजार अन्य समग्री की चोरी कर लिया था,जिसके अनुसन्धान मे बड़की धवरी के निवासी डोमन माझी और उसका और विकास माझी को नगदी दस हजार रुपया सहित सामान बरामद किया,वही गिरफ्तार भाइयो ने संलिप्ता स्वीकार किया है।

# लगा महाजाम ठहर गई जिंदगी



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर। मैट्रिक के परीक्षार्थियों के लिए पहला दिन छपरा शहर में जाम के चलते बहुत ही दबाव में बीता। द्वितीय पाली के परीक्षार्थी कहीं-कहीं महाजन में फसते हुए नजर आए। आम लोगों की भी जिंदगी ठहर सी गई। पैदल चलने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ऑटो, मोटरसाइकिल, बस इत्यादि जहां के तहां खड़े नजर आ रहे थे ।इस दौरान जाम को हटाने में पुलिस प्रशासन भी सक्रिय भूमिका निभा रहा था लेकिन एकाएक शहर में इतनी ज्यादा तादाद में परीक्षार्थी, अभिभावक एवं वाहनों के प्रवेश से कुछ समय के लिए जाम के कारण अव्यवस्था उत्पन्न हो गई थी । प्रशासन ने अथक परिश्रम से शहर वासियों को जाम से निजात दिलाया। शहर के जिस जिस क्षेत्र में स्कूल कॉलेज थे तथा जहां पर परीक्षा केंद्र बनाया गया था उसे क्षेत्र में जाम कुछ अधिक ही नजर आ रहा था।

# तिलक, पुष्पवर्षा व गुलाब से हुआ सीबीएसई परीक्षार्थियों का स्वागत

- अभिभावकों ने की स्वागत पहल की सराहना

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। सीपीएस, छपरा परीक्षा केंद्र पर सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। केंद्र पर कुल 874 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 869 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 5 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के प्रथम दिवस पर सीपीएस परिवार द्वारा सभी परीक्षार्थियों का तिलक, पुष्पवर्षा एवं गुलाब भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में सकारात्मक और उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों के साथ आए अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला कदम बताया।

सीपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा जीवन की अंतिम मंजिल नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने छात्रों से आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया तथा कहा कि अनुशासन, परिश्रम और धैर्य ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि छात्रों का समग्र व्यक्तित्व विकास है। मंगलवार को सम्पन्न परीक्षा में आर.एन.पी. पब्लिक स्कूल, मिर्चईया टोला, दौलतगंज, छपराज्योति सेंट्रल हाई स्कूल, एकमा आर.एस. सेंट्रल स्कूल, नचाप, मांझी नूतन शिक्षा निकेतन, दाउदपुर हेजलवुड स्कूल, सनपुरवा, संढ़ा के विद्यार्थी शामिल हुए।

परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षार्थियों की सघन जाँच के बाद ही प्रवेश दिया गया तथा सीसीटीवी निगरानी में परीक्षा आयोजित की गई। केंद्र अधीक्षक एवं पर्यवेक्षकों की सक्रिय उपस्थिति में परीक्षा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। केंद्र प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

# 'जननायक' वास्तव में सदियों में एक बार जन्म लेते है: डॉ संदीप

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा सदर। जननायक वास्तव में सदियों में एक बार जन्म लेते है। उक्त बाते जगलाल चौधरी महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र के सहायक प्रोफेसर डॉ संदीप कुमार यादव ने कपूरी ठाकुर के पुण्यतिथि पर कही। उन्होंने श्री ठाकुर को याद करते हुए कहा कि 17 फरवरी बिहार की राजनीति और भारतीय समाजवादी आंदोलन के इतिहास में एक विशेष स्थान रखती है। 1988 में आज ही के दिन एक ऐसा नेता हमेशा के लिए लोगों के बीच से चला गया, जिसने सत्ता के शीर्ष पर रहते हुए भी कभी सत्ता को भोग नहीं बनाया, बल्कि उसे वंचितों के उत्थान का हथियार बनाया। हम बात कर रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर की, जिनकी 38वीं पुण्यतिथि पर पूरा बिहार उन्हें नमन कर रहा है। उनके जीवनी पर चर्चा करते हुए डॉ संदीप ने कहा कि समस्तीपुर जिले के एक छोटे से गांव पितौंझिया (अब कपूरीग्राम) में 24 जनवरी 1924 को एक नाई (हज्जाम) परिवार में जन्मे कपूरी ठाकुर का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था, लेकिन इन्हीं संघर्षों ने उन्हें ह्यजननायकह्व बनाया . उनके पिता गोकुल ठाकुर अशिक्षित थे, लेकिन उन्होंने बेटे की पढ़ाई पर जोर दिया। कपूरी बचपन से ही मेधावी थे। सात किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना और फिर मैट्रिक में प्रथम श्रेणी आना, यह उनकी लगन को दशार्ता है। स्वतंत्रता सेनानी से मुख्यमंत्री तक का सफरः कपूरी ठाकुर पर डॉ. राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के विचारों का गहरा प्रभाव पड़ा। वे 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में कूद पड़े और जेल गए . आजादी के बाद उन्होंने समाजवाद की राह पकड़ी और 1952 में वे पहली बार विधायक चुने गए। इसके बाद वे कभी चुनाव नहीं हारे . वे दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने - पहली बार दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दूसरी बार जून 1977 से अप्रैल 1979 तक . उनका कार्यकाल भले ही लंबा नहीं रहा, लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्यों ने बिहार की राजनीति और समाज की दिशा ही बदल दी। वे बिहार के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे .

वो ऐतिहासिक फैसले जो बने मील का पत्थरः कपूरी ठाकुर ने हमेशा शिक्षा को सामाजिक बदलाव की कुंजी माना। 1967 में जब वे उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री थे, तो उन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया। उस दौर में इस फैसले की कटु आलोचना हुई और लोग ह्यकपूरी डिविजनह्व जैसे शब्दों से उनका मजाक उड़ाते थे, लेकिन इसका दूरगामी परिणाम यह हुआ कि गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खुल गए . वे देश के पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने मैट्रिक तक की शिक्षा मुफ्त करने की घोषणा की। उन्होंने उर्दू को दूसरी राजकीय भाषा का दर्जा दिया और मिशनरी स्कूलों में हिंदी में पढ़ाई शुरू करवाई उनकी सबसे बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि थी - पिछड़ों में अति-पिछड़ों के लिए आरक्षण की व्यवस्था। 1978 में उन्होंने मुंगेरी लाल आयोग की सिफारिशों को लागू करते हुए सरकारी नौकरियों में पिछड़ों को 26 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया। सबसे क्रांतिकारी पहल यह थी कि इस 26 प्रतिशत में भी उन्होंने ह्यकोटा के अंदर कोटाह्व की व्यवस्था कर अति-पिछड़ों को एक अलग हिस्सा दिया . यह फैसला इतना तूफानी था कि इसके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया और अंततः उनकी सरकार गिर गई। उन्होंने सत्ता की कुबार्नी दी, लेकिन सामाजिक न्याय से समझौता नहीं किया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र माँझी में 'भारत विस्तार' कार्यक्रम के शुभारंभ का लाइव टेलीकास्ट किसानों को दिखाया गया

प्रात: किरण संवाददाता



मांझी। मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र, में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री शल भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एवं राजस्थान के माननीय कृषि मंत्री श्री किरोड़ीलाल मीना की गरिमामयी उपस्तिथि में भारत विस्तार के शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र माँझी, सारण के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने कहा कि भारत विस्तार किसानों के लिए एक एकीकृत, अक आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो उन्हें उनकी अपनी भाषा में मोबाइल या साधारण फोन कॉल के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी, मौसम अपडेट, मंडी भाव, फसल सलाह प्रदान करेगा।

यह पहल तकनीक के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही ग्रामीण युवक एवं युवतियों के लिए फलों के मूल्य संवर्धन विषय पर पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया साथ ही डॉ. चन्दोला ने प्राकृतिक खेती, सीड हब योजना एवं गरमा के मौसम में उगाए जाने वाली उद्यानिकी फसलों की बारे में विस्तृत में जानकारी दी।

विशेषज्ञ कृषि अभियंत्रण डॉ. सुषमा टम्टा ने विभिन्न मशीनों जैसे जीरो टिलेज, पोटैटो प्लांटर, लेजर लैंड लेवल, मल्टीक्रॉप प्लांटर, हैप्पी सीडर आदि मशीनों के बारे में युवकों को विस्तार से बताया। डॉ. विजय कुमार ने मिट्टी की जाँच विषय के बारे में युवाओं को बताया।

कार्यक्रम में सारण जिले के लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमितेश कुमार गौरव, मनोज कुमार, राकेश कुमार, उमाशंकर कुमार, अवनीश पांडेय एवं संतोष कुमार ने अपना योगदान दिया।

# विधायक जनक सिंह ने सदन में सड़कों के चौड़ीकरण की मांग



प्रात: किरण संवाददाता

इसुआपुर। तरैया के विधायक सह बिहार विधानसभा याचिका समिति के सभापति जनक सिंह ने तरैया विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरने वाली तीन प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की मांग विधानसभा में शून्य काल के दौरान की है।जिसमें साढ़ा कृषि बाजार छपरा से मशरक एस एच 90 मुख्य सड़क को 2 लेन सड़क से 4 लेन में चौड़ीकरण करने की मांग की है।साथ ही दिघवारा -भेल्दी - अमनौर - तरैया - सिमरी एस एच 104 तथा सिवान -बसंतपुर - मशरक - तरैया - मशरक - शीतलपुर एस एच 73 सड़कों के दोनों किनारे पांच-पांच फीट कंक्रीट देकर पक्कीकरण किए जाने की भी मांग की है।

वहीं इस संबंध में स्वीकृति हेतु बिहार विधानसभा के सचिव के नाम दिए पत्र में विधायक ने कहा है कि इन सड़कों के चौड़ीकरण हो जाने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा आम लोगों के जीवन यापन तथा व्यापार में सुविधा होगी।

# दारूल उलूम नईमिया में आजमीन हज के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। जिला के प्रमुख शिक्षण संस्थान दारूल उलूम नईमिया में मंगलवार को एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आंयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य मौलाना हामिद रजा ने की। शिविर का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से हुआ बिहार राज्य हज कमिटि के निदेर्शानुसार आयोजित कैम्प में आजमीन हज को संबोधित करते हुए मुख्य प्रशिक्षक मुफ्ती अली असगर ने कहा कि हज इसलाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हर सक्षम व्यक्ति पर हज करना फर्ज है। अपनी पूरी जिन्दगी में कम से कम एक बार हज जरूर करना चाहिए।हज करने के बाद हाजियों की जिंदगी में महत्वपूर्ण बदलाव आ जाता है। वह गुनाहों से पाक हो जाता है। वह ऐसा हो जाता है जैसे कि अभी-अभी जन्म लिया हो। उन्होंने हज के अरकान पर विस्तृत चर्चा की। सफर के दौरान होने वाली परेशानियों को बताते हुए कहा कि आप अपने साथ कम से कम समान रखें। उन्होने कहा कि हज अल्लाह की रजामंदी के लिए करना चाहिए। इस के अलावा उन्होने हज के दौरान मक्का और मदीना शरीफ के विभिन्न जगहों पर गुजारने वाले वक्त पर प्रकाश डाला। अल्हाज फहीम अशरफ खान ने संबोधित करते हुए कहा कि आजीमन हज को ध्यान रखना चाहिए कि उनसे किसी भी तरह से कोई गुनाह न होने पाए। यात्रियों को अपना पहचान पत्र हमेशा अपने साथ रखना चाहिए। ताकि यात्रा के दौरान कोई परेशानी न हो। प्रशिक्षण शिविर में इस बार महिला आजमीन हज भी शामिल थीं। उनके लिए पृथक व्यवस्था की गयी थी। मौलाना मुफ्ती मुर्शिद रजा की दुआ पर शिविर का समापन हुआ। अब्दुल कादिर, शमा परवीन, सबीहन बीबी, जान मोहम्मद, रजिया सुल्ताना, समीउद्दीन खान, हसनइमाम खान, निकहत परवीन, मो साबिर अली, मो कलामुद्दीन सहित कुल 39 महिला व पुरुष आजमीन हज ने शिरकत की। प्रशिक्षण के बाद बचे हुए आजमीन को सदर अस्पताल के प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा टीका लगाया गया और प्रमाणपत्र निर्गत किया गया। शाहाब अहमद राईन, अली अहमद, मो शोएब, राहतुन नईम, अबुल हसन, हाफिज आरिफ, मोअज्जिन वसीम रजा आदि ने हज यात्रियों की बढ़ चढ़ कर सेवा की।

# ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने भी जेईई मेंस में मारी बाजी

प्रात: किरण संवाददाता





दरियापुर। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के बच्चों ने भी जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। ऐसे में सफल छात्रों के परिवार में खुशी का माहौल बन गया है ।विश्वंभरपुर सरपंच जगदंबा देवी का पौत्र तथा छपरा स्थित एक निजी विद्यालय के उपनिदेशक जितेंद्र शर्मा तथा प्रधानाध्यापिका प्रियंका कुमारी का पुत्र आदित्य राज ने जहां भौतिकी में 87 प्रतिशत,रसायन विज्ञान में 95 प्रतिशत तथा गणित में 84 प्रतिशत अंक के साथ 93 पर्सेंटाइल हासिल किया है ।वहीं इसी गांव के मदन साह का पौत्र तथा वकील प्रसाद एवं बिंदु देवी का पुत्र अंशु गुप्ता ने गणित में 93 प्रतिशत के साथ 72 पर्सेंटाइल हासिल किया है ।इसके साथ ही समीपवर्ती रामगढा निवासी एलआईसी एजेंट धर्मेंद्र प्रसाद तथा अनीता देवी का पुत्र रणवीर कुमार ने 98 पर्सेंटाइल हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वहीं इस सफलता पर भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह,मुखिया प्रतिनिधि अनिल पाण्डेय,सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा,सरपंच अमित सिंह,मंटू बाबा,मुखिया प्रतिनिधि छोटू ओझा,भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह,जिला उपाध्यक्ष सुमंत बाबा आदि ने बधाई दी है।

# अवतार नगर मे एक ट्रक से 3397 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

प्रात: किरण संवाददाता

डोरीगंज। अवतार नगर थाना क्षेत्र के बोधा छपरा टॉलटेक्स के पास से स्थानीय पुलिस ने एक ट्रक पर लदे 3387 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया है। थानाध्यक्ष साकेत बिहारी ने बताया कि गुप्त सुचना मिली की दिघवारा की तरफ से एक अंग्रेजी शराब लदी ट्रक अवतार नगर की तरफ आ रही है जिसके बाद अपर थानाध्यक्ष सुजीत कुमार के नेतृत्व मे पुलिस बल के द्वारा बोधा छपरा टॉलटेक्स के पास वाहन चेकिंग लगाया गया तभी एक ट्रक आती दिखी लेकिन ट्रक चालक पुलिस को देख 200 मीटर पहले ही गाड़ी खड़ी कर मौके से फरार हो गया। ट्रक को जब्त किया गया जिसमे तिरपाल के अन्दर कुरकुरे बोरे से ढ़ककर शराब छुपाया गया था।

जाँच के क्रम मे रॉयल चैलेन्जर विस्की की 42 कार्टून, रॉयल चैलेन्जर स्मुथ ब्लेंड विस्की की 108 कार्टून, रॉयल चैलेन्जर फाइनेस्ट विस्की की 99 कार्टून एवं रॉयल चैलेन्जर सुपीरियर विस्की की 119 कार्टून बरामद किया गया जिसमे शराब की मात्रा 3397.32 लीटर है। ट्रक एवं शराब को जब्त कर आगे की कार्यवाई की जा रही है ।

# 'बच्चा चोर' के शक में मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को पीटा, पुलिस ने 4 को दबोचा

- पानापुर में महिला से मारपीट के मामले में 2 बालिग और 2 किशोर गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ अंधविश्वास और अफवाह ने एक बेगुनाह महिला की जान जोखिम में डाल दी। पानापुर थाना क्षेत्र के मुड़वा गाँव में 'बच्चा चोर' होने की झूठी अफवाह फैलाकर कुछ असामाजिक तत्वों ने एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को बेरहमी से पीटा। हालांकि, सारण पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुड़वा गाँव में एक महिला घूम रही थी, जिसे मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। स्थानीय कुछ शरारती तत्वों ने बिना किसी जांच-परख के उसे 'बच्चा चोर' घोषित कर दिया। देखते हभीड़ जमा हो गई और लोगों ने कानून को हाथ में लेते हुए महिला को पकड़ लिया। आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने लाठी-डंडों से महिला की बेरहमी से पिटाई की।

पुलिस की त्वरित कार्रवाईः घटना की सूचना मिलते ही पानापुर थाना पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला और हिंसा में शामिल लोगों की पहचान शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस ने इस मामले में कांड संख्या- 51/26 दर्ज कर त्वरित छापेमारी की और 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः

- विकास कुमार, पिता- वकील राम (साकिन- डर्की, थाना- पानापुर)
- सोनू कुमार, पिता- कामेश्वर सिंह (साकिन- डर्की, थाना- पानापुर)
- दो विधि-विरुद्ध किशोर (नाबालिग)

सारण पुलिस ने इस घटना के बाद आम जनता से पुरजोर अपील की है कि वे सोशल मीडिया या आसपास फैलने वाली किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून को हाथ में लेना अपराध है। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे, तो तुरंत डायल-112 पर कॉल करें या नजदीकी थाने को सूचित करें। फिलहाल, पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। यह घटना समाज के लिए एक चेतावनी है कि अफवाहें किस कदर निर्दोष लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## शराब का किया गया विनष्टीकरण राजस्व पदाधिकारी रहे मौजूद

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बिहिया थाने में जब्त विभिन्न कांडों में अंग्रेजी शराब का आज विनष्टीकरण किया गया। विभिन्न कांडों में जब्त अंग्रेजी शराब का विनष्टीकरण थाना परिसर में ही किया गया। विनष्टीकरण वनकी गई जब्त शराब की मात्रा 167.960 लीटर रही। विनष्टीकरण के दौरान राजस्व पदाधिकारी राधेश्याम चौधरी, थाना अध्यक्ष सोमेश्वर दास एसई पंकज, मध्य निषेध के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मैट्रिक परीक्षा से 27 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

बिहिया। बिहिया नगर स्थित तीन परीक्षा केन्द्रों प्लस टू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा प्लस टू उच्च विद्यालय एवं यूनिवर्सल प्लस टू पब्लिक स्कूल पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच मंगलवार से प्रारंभ मैट्रिक परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई. तीनों परीक्षा केन्द्रों पर दोनों पालियों में कुल 2176 परीक्षार्थियों को शामिल होना था परन्तु पहले दिन की हिन्दी व उर्दू विषयों की परीक्षा से कुल 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. जानकारी के अनुसार हिन्दी भाषा की परीक्षा से जहां 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वहीं उर्दू भाषा के कुल 50 परीक्षार्थियों में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रही. वहीं मैट्रिक परीक्षा को लेकर बिहिया नगर में आम दिनों से अलग काफी भीड़ दिखी।

## देशी शराब समेत धंधेबाज गिरफ्तार

बिहिया। बिहिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के कटेया गांव के समीप मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 10 लीटर देशी शराब बरामद करते हुए धंधेबाज को मौके से गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गया धंधेबाज कटेया गांव निवासी रामायण यादव का पुत्र अनिल यादव है. थानाध्यक्ष सुंदरेश्वर कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त धंधेबाज शराब लेकर कटेया गांव के समीप हीं स्थित रामानंद तिवारी हाल्ट की तरफ जा रहा है. सूचना पाकर पुलिस ने छापेमारी कर शराब समेत युवक को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने धंधेबाज से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## देसी कट्टा और अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

आरा। जिले के चांदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में छापेमारी कर एक युवक को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई है, जो सलेमपुर गांव निवासी राम अयोध्या यादव का पुत्र बताया गया है। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त युवक गांव में देसी कट्टा लहराकर लोगों को डराने-धमकाने का काम कर रहा है। इस संबंध में एक वीडियो भी पुलिस को प्राप्त हुआ था, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया था। सूचना की पुष्टि के बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल के साथ विशेष टीम गठित कर सलेमपुर गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी राहुल कुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, चार फायर किए हुए खोखा तथा 750 एमएल मैजिक मोमेंट अंग्रेजी शराब की कुल नौ बोतलें बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार आरोपी अवैध शराब कारोबार में भी संलिप्त था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट एवं बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# भोजपुर जिले में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, समयबद्ध क्रियान्वयन का निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीएम ने सात निश्चयझ2 के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों में तेजी लाने एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त सात निश्चयझ3 के तहत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए ठोस प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सभी अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल स्तर के पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जाए। इस क्रम में यह भी बताया गया कि योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित है। नगर विकास से जुड़े विषयों की समीक्षा के दौरान सभी नगर निकायों में एमआरएफ (टफ्न्न्ध्), एसटीपी/एफएसटीपी (रळढ/ऋरळढ), कम्पोस्ट प्लांट एवं सेनेटरी लैंडफिल (रछऋ्) के लिए भूमि की उपलब्धता एवं आवश्यकता की समीक्षा की गई। जहाँ भूमि उपलब्ध नहीं है, वहाँ संबंधित अंचलाधिकारी को भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जहाँ सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है, वहाँ सतत लीज नीति के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण हेतु प्रस्ताव भेजने को कहा गया।बैठक में सभी नगर निकायों में मोक्षधाम हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने तथा सभी ग्राम पंचायतों में मोक्षधाम के लिए सर्वेक्षण कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। कब्रिस्तान घेराबंदी से जुड़े लंबित 12 मामलों में अंचलाधिकारियों को स्वयं स्थल निरीक्षण कर दो दिनों के भीतर प्रतिवेदन समर्पित करने का आदेश दिया गया। इसके अलावा सभी अंचलाधिकारियों को भू-समाधान पोर्टल पर नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने तथा म्यूटेशन एवं परिमार्जन पोर्टल पर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

# वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अतिथि शिक्षकों की पुकार 65 वर्ष तक सेवा स्थाई करे बिहार सरकार

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के तत्वावधान में धरना आहूत दो दिवसीय धरना के दूसरे दिन सभी विश्वविद्यालय के अतिथि प्राध्यापकों ने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर धरना में जोरदार प्रदर्शन कर अपने सात सूत्री मांगों को उठाया। सात सूत्री मांगें: 1. बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसा के आलोक में बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में वर्षों से कार्यरत पुराने एवं नये अतिथि शिक्षकों की सेवा 65 वर्ष तक के लिए नियमित/समायोजित की जाय। 2. हर वर्ष 11 महीने के उपरांत सेवा नवीनीकरण की बाध्यता समाप्त की जाए। 3. हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और बंगाल में अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमित की गई है। अत :बिहार सरकार भी वर्षों से कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमित करे। 4. विभिन्न विश्वविद्यालयों में हटाए गए अतिथि शिक्षकों की पुनर्बहाली करते हुए सेवा समायोजित की जाए। 5. स्थाई शिक्षकों की भांति अतिथि शिक्षकों को भी अन्य सुविधाएं दी जाए। 6. बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्वीकृत एवं रिक्त पदों पर पहले कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा सामायोजित की जाए। उसके बाद शेष बचे रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जाए। 7. 2012 में रेशनलाइजेशन के बाद विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार छात्र- शिक्षक अनुपात में पदों का सृजन करते हुए अतिथि शिक्षकों की सेवा समायोजित की जाए। धरना को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य डॉ वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि अतिथि प्राध्यापकों की मांग बिल्कुल जायज है। विगत छह-सात वर्षों से ये लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। बिहार की सरकार नौकरी देने वाली और विकास करने वाली सरकार है। प्रखंडों में कॉलेज खोलने की बात है अतः शिक्षकों की जरूरत पड़ेगी। सरकार इन्हीं शिक्षकों को सेवा समायोजित कर प्रखंडों में खुलने वाले कॉलेजों में इनकी सेवा ले सकती है ।सरकार से उम्मीदें बढ़ गई है। सरकार विधान परिषद शिक्षा समिति की अनुशंसा को लागू करे। अतिथि शिक्षकों के पक्ष में सरकार का निर्णय स्वागत योग्य कदम होगा। विधान सभा सदस्य गौतम कृष्ण ने कहा कि सात- आठ वर्षो से अध्यापन कर रहे अतिथि प्राध्यापकों के प्रति सरकार को संवेदनशील होना चाहिए। शिक्षक समाज और देश का निमार्ता होता है, शिक्षक का पद सबसे सम्मानित पद है। इनके प्रति सरकार की संवेदनहीनता समाज में शैक्षिक और सांस्कृतिक जागरूकता में अवरोध पैदा कर सकती है। सरकार अतिथि शिक्षकों की सेवा नीति में परिवर्तन करते हुए इसे जल्द से जल्द समायोजित करे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आने से छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि यह दशार्ता है कि अतिथि शिक्षकों ने कई वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम किया है। इनकी नियुक्ति यूजीसी रेगुलेशन का पालन करते हुए आरक्षण के नियमों के अनुकूल हुआ है। इनकी सेवा सामायोजित करना बिल्कुल न्याय संगत होगा।

# तेज रफ्तार मैजिक ने बुजुर्ग को कुचला, इलाज के दौरान मौत

आरा। जिले के मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे चांदी थाना क्षेत्र के नरबीरपुर टोला के समीप चांदीझआरा मुख्य सड़क पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जमीर से संदेश बाजार आटा लेकर जा रही एक तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैजिक गाड़ी सड़क पर पलट गई। इस हादसे में नरबीरपुर गांव निवासी श्यामसुंदर सिंह (65 वर्ष), पिता स्वर्गीय मोहन सिंह, गंभीर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर से उनके हाथ-पैर टूट गए तथा पेट और सीने में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल श्यामसुंदर सिंह को तत्काल सदर अस्पताल आरा भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि श्यामसुंदर सिंह अपने गांव नरबीरपुर से चिमनी भट्ठा पर मुंशी का काम करने वाले अपने पुत्र राजा कुमार के लिए खाना लेकर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मैजिक वाहन को खिंचवाकर चांदी थाना लाया, जहां उसे जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि मैजिक गाड़ी पर आटा लदा हुआ था और वह जमीर से संदेश बाजार जा रही थी। मृतक के परिवार में दो पुत्र राजा कुमार (उम्र-35 वर्ष) और सोनू कुमार उम्र-32 वर्ष) दोनों विवाहित हैं तथा एक विवाहित पुत्री है। घटना के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि दुर्घटना करने वाली मैजिक गाड़ी को जब्त कर लिया गया है और मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन न चलाएं।

# कदाचार पर सख्ती, कैमरे की निगरानी में पीरो के चार केंद्रों पर सिर्फ छात्राओं की परीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता



पीरो (आरा)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक परीक्षा मंगलवार से सख्त पहरे और जीरो टॉलरेंस नीति के साथ शुरू हो गई। पहले ही दिन प्रशासन ने साफ संदेश दे दिया – कदाचार की कोई गुंजाइश नहीं। पीरो नगर के चारों परीक्षा केंद्रों पर सिर्फ छात्राओं की परीक्षा ली गई, जहां हर गतिविधि सीसीटीवी और वीडियो ग्राफी की निगरानी में कैद होती रही। नगर के पुष्पा उच्च विद्यालय, महात्मा गांधी कॉलेज लहराबाद, बीएसएस कॉलेज बचरी और +2 उच्च विद्यालय पीरो को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह से ही केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की लंबी कतारें दिखीं। गेट बंद होने के तय समय को लेकर छात्राओं में इतना अनुशासन दिखा कि अधिकांश परीक्षार्थी समय से काफी पहले पहुंच गईं। पहले दिन दोनों पालियों में हिंदी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रवेश से पहले कड़ी जांच हुई और बिना एडमिट कार्ड किसी को अंदर जाने नहीं दिया गया। केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ रही, जबकि अंदर सन्नाटा और अनुशासन का माहौल बना रहा। छात्राओं ने साफ कहा कि एक मिनट की देरी भी साल बर्बाद कर सकती है, इसलिए वे पहले ही पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। परीक्षा केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारियों और पुलिस बल ने लगातार निगरानी बनाए रखी। प्रशासन का कहना है कि पूरी परीक्षा अवधि में कदाचारमुक्त माहौल बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सख्ती जारी रहेगी। पहले दिन की व्यवस्था ने संकेत दे दिया है कि इस बार परीक्षा में किसी तरह की ढिलाई नहीं मिलने वाली।

# कुलहड़िया प्लस टू विद्यालय में मैट्रिक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न



आरा। जिले के कोईलवर प्रखंड के कुलहड़िया स्थित मानो बैजनाथ उच्च प्लस टू विद्यालय में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (मैट्रिक) की परीक्षा के पहले दिन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा केंद्र पर कुल छह विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। पहले दिन हिंदी एवं उर्दू विषय की परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 489 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल 630 परीक्षार्थी निर्धारित थे, जिनमें से 10 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे तथा परीक्षा संचालन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। केंद्र अधीक्षक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की सतर्क निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि आगे की परीक्षाएं भी इसी तरह अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित कराई जाएंगी।

# गजहरा डकैती कांड में पुलिस की बड़ी कामयाबी

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। लदनिया थाना क्षेत्र के गजहरा गांव में 12 फरवरी की देर रात हुई सनसनीखेज डकैती की घटना का मधुबनी पुलिस ने मात्र पांच दिनों के भीतर सफल उद्भेदन कर जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश दिया है। पुलिस ने इस कांड के मास्टरमाइंड मो. हाकिम को गिरफ्तार करते हुए उसके गिरोह के अन्य चार सदस्यों को भी दबोच लिया है। कार्रवाई के दौरान एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस तथा 70 ग्राम ब्राउन शुगर की बरामदगी की गई है नेपाल सीमा से संदिग्ध की गिरफ्तारी, खुला डकैती का राज पुलिस के अनुसार, 16 फरवरी को लदनिया थानाध्यक्ष को विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि नेपाल की ओर से पिपराहीझ श्रीरामपुर सड़क मार्ग से एक व्यक्ति अवैध हथियार और मादक पदार्थ लेकर पैदल आ रहा है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए निदेर्शानुसार पुलिस टीम का गठन किया गया और संदिग्ध मार्ग पर घेराबंदी की गई। नेपाल की ओर से आते व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क जवानों ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की जेब से ब्राउन शुगर और कमर में खोंसा हुआ लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ। कट्टे को अनलोड करने पर एक जिंदा कारतूस भी मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम मो. हाकिम, पिता स्व. मो. शहीद, निवासी योगिया, थाना लदनिया बताया।12 फरवरी की डकैती से जुड़ी कड़ीकड़ाई से पूछताछ के दौरान मो. हाकिम ने स्वीकार किया कि 12 फरवरी की देर रात गजहरा गांव में हुई डकैती उसी और उसके सहयोगियों द्वारा अंजाम दी गई थी। उस रात 5झ6 की संख्या में नकाबपोश अपराधियों ने एक घर में घुसकर नकद राशि और कीमती जेवरात लूटे थे और नेपाल की ओर फरार हो गए थे।घटना के तुरंत बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर और लदनिया थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की थी। पीड़ित के आवेदन के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।विशेष टीम, तकनीकी साक्ष्य और फॉरेंसिक जांचपुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निर्देश पर एसडीपीओ जयनगर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर तकनीकी अनुसंधान किया। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), अन्य बाहरी स्रोतों और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट के सहारे अपराधियों की पहचान सुनिश्चित की गई। इसी क्रम में मास्टरमाइंड तक पुलिस पहुंची और गिरफ्तारी संभव हो सकी।लंबा आपराधिक इतिहास, नेपाल कनेक्शन भी सामनेपुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मो. हाकिम का आपराधिक इतिहास काफी पुराना और गंभीर रहा है। उसके खिलाफ मधुबनी जिले के विभिन्न थानों में डकैती, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और संगठित अपराध से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी नेपाल में भी अपने गिरोह के साथ लूट-पाट की घटनाओं में शामिल रहा है।पुलिस की सख्ती, आगे भी कार्रवाई जारीपुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य नेटवर्क और संपत्ति बरामदगी को लेकर छापेमारी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि सीमावर्ती इलाकों में अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। मधुबनी पुलिस की इस त्वरित और सुनियोजित कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे आमजन में सुरक्षा का भरोसा और अपराधियों में पुलिस का भय स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा

# जगदीशपुर नगर के तीन परीक्षा केंद्रों पर हुई मैट्रिक की परीक्षा, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

प्रात: किरण संवाददाता

बिहार में मंगलवार से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वार्षिक परीक्षा आरंभ हो गई। कड़े सुरक्षा और पुख्ता जांच के बीच परीक्षा शुरू हुई।मैट्रिक परीक्षा को लेकर जगदीशपुर नगर में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां परीक्षार्थी मैट्रिक की परीक्षा दी। जगदीशपुर नगर के तीनों परीक्षा केंद्रों पर केवल छात्राओं की परीक्षा ली जा रही है। मैट्रिक परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की गई है। परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे और वीडियो ग्राफी के निगरानी में परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन सुबह से ही परीक्षार्थी अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू कर दिए थे। मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली हिंदी की परीक्षा हुई ।जहां जगदीशपुर नगर के स्वास्थ साहू प्लस टू स्कूल , संत बहाना महिला महाविद्यालय, संपोषित कन्या 10 + 2 उच्च विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र पर परीक्षा ली गई। मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन समय से पहले परीक्षार्थी अपने-अपने केंद्र पहुंचना शुरू कर दिए थे। इस दौरान छात्रों ने बताया कि समय से हम लोग पहुंच गए हैं। क्योंकि समय से 1 मिनट की देरी हो जाने पर गेट को बंद कर दी जाती है। जिसे परीक्षा नहीं देने पर परीक्षा और भविष्य दोनों खराब हो जाती है। इसलिए हम लोग समय से पहले पहुंच कर अपनी उपस्थिति को दर्ज कर दिया।

# शाहपुर विधायक राकेश रंजन द्वारा विधानसभा में दामोदरपुर पंचायत के गंगा कटाव का उठाया मुद्दा

शाहपुर। से भाजपा विधायक राकेश रंजन उर्फ राकेश ओझा द्वारा शाहपुर प्रखंड के दामोदरपुर पंचायत अंतर्गत जवईनिया गंगा कटाव से जुड़े मुद्दे बिहार विधानसभा में प्रमुखता से उठाया। शाहपुर विधायक द्वारा शाहपुर प्रखंड अंतर्गत दामोदरपुर पंचायत के जवनिया गांव 2025 के बाढ़ में ढह गया। और आज के समय में पुर पंचायत में गंगा नदी के कटाव का खतरा बना हुआ है। शाहपुर विधायक ने सरकार से नदी के तट पर बॉर्डर पिचिंग निर्माण अति शीघ्र करने की मांग की शाहपुर से दैनिक भास्कर के लिए राजकुमार सिंह की रिपोर्ट।

# मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री स्व कर्पूरी ठाकुर कि 38वीं पुण्यतिथि



प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के चाँदसूरारी मे कर्पूरी विचार मंच के कार्यालय परिसर मे मंच के जिला अध्यक्ष रामबाबू राय के अध्यक्षता मे भारत रत्न से सम्मानित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व कपूरी ठाकुर कि 38वीं पुण्यतिथि श्रद्धांपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार ने किया। सबसे पहले स्व ठाकुर के तैलीय चित्र पर मल्यार्पण किया गया। मौके पर अवकाश प्राप्त प्रोफेसर अशोक कुमार पांडे, रामबहादुर सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रूपांजलि कुमारी तथा सत्यनारायण राय, शिवपूजन ठाकुर,रामनरायण सिंह,चांदनी देवी, हरेराम दाश,नंद किशोर यादव, तरुण सिंह, राधा चौधरी, आदि लोगो ने सम्बोधित करते हुए स्वर्गीय ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।


BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
CENTRAL BUILDING DIVISION No.- 01, PATNA
SHORT TIME QUOTATION INVITATION
NO.- 134 YEAR 2025-26

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated **26.02.2026** at 1:00 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.
Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division No.- 01, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500
**Details of Works :-**

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Re-filling and Installation of Fire Extinguisher System for Safety Protection in Main and Annexe Building of BVP under BVM, Patna for the year 25-26. | | | |
| 02- | Provision of Fire SOP Posters, Evacuation Plan & Exit Plan & Florescent Strips etc. at Different Places in Bihar Vidhan Parishad (All Building), (Block - 01 & Block- 02) & in Campus, Patna for the year 2025-26. | | | |
| 03- | Provision of Fire SOP Posters, Evacuation Plan & Exit Plan & Florescent Strips etc. at Different Places in Bihar Vidhan Sabha (All Building) & in Campus, Patna for the year 2025-26. | | | |
| 04- | Re-filling and Installation of Fire Extinguisher System for Safety Protection in Main and Annexe Building of BVS under BVM, Patna for the year 25-26. | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

Executive Engineer,
Central Building Division No.- 01, Patna

PR- 024271 ( BCD ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।





# जिला पदाधिकारी ने जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का किया औचक निरीक्षण

- योजनाओं की प्रगति की समीक्षा
- कर्मियों एवं आवेदकों से लिए फीडबैक
- कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत अपेक्षित प्रगति लाने का दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने मंगलवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, बेतिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में आने वाले आवेदकों एवं सह-आवेदकों के साथ संवेदनशील एवं कुशल व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए उनके कार्यों का त्वरित निष्पादन किया जाए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यालय से प्राप्त दिसंबर 2025 की रैंकिंग रिपोर्ट के अनुसार जिले की रैंकिंग 19वीं रही। प्रबंधक, डीआरसीसी ने बताया कि वित्तीय वर्ष में निर्धारित 3070 लक्ष्य के विरुद्ध 4084 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो 133 प्रतिशत उपलब्धि दशार्ता है। इस पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया तथा आगामी माह में रैंकिंग और बेहतर करने के निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के अंतर्गत 6014 के लक्ष्य के विरुद्ध 7733 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो 128.58 प्रतिशत है। इस योजना में जिले की रैंकिंग 5वीं रही। जिलाधिकारी ने इस प्रदर्शन की सराहना की। कुशल युवा कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पाया गया कि निर्धारित 14,300 लक्ष्य के विरुद्ध 10,530 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं, जो मात्र 73.64 प्रतिशत है। जिले की रैंकिंग 33वीं रहने पर जिलाधिकारी ने खेद व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी बताया गया कि केवाई पोर्टल पर हस्तांतरित 1,24,069 आवेदनों में से अब तक 63,790 आवेदकों को ही प्रशिक्षण मिल सका है। जिलाधिकारी ने सभी अपूर्ण प्रशिक्षण वाले आवेदकों को शत-प्रतिशत प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा लक्ष्य पूरा नहीं कर पाने वाले प्रशिक्षण केंद्रों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त नीलाम पत्र दायर विवरणी की समीक्षा में बताया गया कि मुख्यालय से प्राप्त 2235 मामलों में से अब तक 1280 वाद दायर किए जा चुके हैं। नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा 1237 नोटिस निर्गत किए गए हैं, जबकि 955 प्रस्ताव लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने समयबद्ध रूप से निलामपत्र दायर करने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने डीआरसीसी के विभिन्न काउंटरों पर जाकर कार्य कर्मियों एवं आवेदकों से फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी प्रदीप कुमार गोंड, प्रबंधक, डीआरसीसी प्रेम प्रकाश दिवाकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग कुमकुम पाठक सहित डीआरसीसी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी ने की धान अधिप्राप्ति की समीक्षा

- 28 फरवरी तक लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत धान खरीद पूरा करने का निर्देश
- किसानों को 48 घंटे में भुगतान का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें धान अधिप्राप्ति की प्रगति, लक्ष्य संशोधन, कैश क्रेडिट के अनुमोदन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि सहकारिता विभाग के पोर्टल पर कुल 24,433 किसान निबंधित हैं, जिनमें 17,294 रैयत और 7,189 गैर-रैयत किसान शामिल हैं, जबकि 17 फरवरी 2026 तक 82,502.804 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की जा चुकी है जो निर्धारित लक्ष्य का 68.09 प्रतिशत है और अब तक 9,341 किसानों से धान की खरीद की गई है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को 28 फरवरी तक हर हाल में अधिप्राप्ति लक्ष्य पूरा करने का निर्देश देते हुए किसानों को 48 घंटे के भीतर नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही डीएम, एसएफसी को सभी राइस मिलों को फोर्टिफाइड राइस कर्नेल की समान रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बिहार राज्य फसल सहायता योजना खरीफ 2024-25 एवं रबी 2024-25 के तहत लंबित भुगतान पर भी चर्चा हुई, जिस पर जिला पदाधिकारी ने सभी लाभार्थियों के डेटा का पुनः सत्यापन करने का निदेश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, डीएम, एसएफसी सुमित कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सौरभ आलोक, एसडीसी, बैंकिंग विकास कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अदालत द्वारा कामरेड और सहयोगियों को उम्र कैद दिए जाने के विरोध मे माले का प्रदर्शन

बगहा। माले ने मनाया कि प्रतिवाद दिवस कामरेड जितेंद्र पासवान व उनके साथियों को अदालत द्वारा उम्र कैद दिये जाने के विरोध में प्रदर्शन किया है। बतादे कामरेड जितेंद्र पासवान व उनके साथियों को उम्र कैद दिये जाने के विरोध में सोमवार को माले कार्यकताओं ने प्रतिवाद दिवस मनाया। इस दौरान माले कार्यकताओंने बगहा अनुमंडल के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। मलिक नगर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की नेतृत्व में माले कार्यकताओं ने कामरेड प्रसाद पासवान में उनके साथियों को उम्र कैद की सजा दिए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया । माले कार्यकताओं का कहना है कि सरकार बदले की भावना से ग्रसित हो माले कार्यकताओं पर यह कार्रवाई की है। इसको लेकर माले तरीके से आंदोलन भी करेगा। इस अवसर पर नगरध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के अलावा नगर कमेटी के लालबाबू प्रसाद सोनी, कालीम मियां, लालजी राम, बंका राम, बिहारी राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शादी की नीयत से युवती को भगाने के मामले में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

प्रतिनिधि, दरौंदा। थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पीड़ित पिता के आवेदन पर दरौंदा थाना में सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित पिता ने थाना में दिए आवेदन में बताया है कि उनकी पुत्री घर से यह कहकर निकली थी कि वह बाजार जा रही है और एक-दो घंटे में लौट आएगी। देर शाम तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। सगे-संबंधियों एवं परिचितों के यहां भी पता लगाया गया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि सतजोरा गांव के अभिषेक पासवान, बुटन मांझी, राजेश कुमार एवं चार अन्य महिलाओं ने शादी का झांसा देकर उसकी पुत्री को कहीं लेकर चले गए हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि युवती को बहला-फुसलाकर भगाया गया है। इधर आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस ने नामजद सातों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि युवती की बरामदगी एवं आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## जल जीवन हरियाली योजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



सिवान। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन हरियाली योजना के तहत क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर मंगलवार को जिला पदाधिकारी सिवान विवेक रंजन मैत्रेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से अब तक की प्रगति की जानकारी ली तथा लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित मॉनिटरिंग एवं स्थल निरीक्षण पर भी बल दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे और योजना के सफल संचालन हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## नेपाली मानव तस्कर के चंगुल से नाबालिग लड़की रेस्क्यू

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। मानव तस्करी रोधी इकाई, 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चम्पारण तथा स्वच्छ रक्सौल की संयुक्त कार्रवाई में एक नेपाली मानव तस्कर के चंगुल से एक भारतीय नाबालिग लड़की को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। संयुक्त टीम ने मैत्री ब्रिज के पास भारत से नेपाल जा रहे एक व्यक्ति को एक नाबालिग लड़की के साथ संदेह के आधार पर रोका। प्रारंभिक पूछताछ में मामला संदिग्ध पाया गया तथा प्रथम दृष्टया यह मानव तस्करी से जुड़ा प्रतीत हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों को अलग-अलग रूप से मानव तस्करी रोधी इकाई एवं एनजीओ की टीम द्वारा काउंसलिंग की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि पीड़िता बदला हुआ नाम रानी कुमारी (13 वर्ष), जिला वैशाली, बिहार की रहने वाली है, जबकि आरोपी जिला परसा, नेपाल का निवासी है। जांच में यह भी सामने आया कि पीड़िता अपने परिवार के साथ हैदराबाद में रहती थी, जहां वह आरोपी के संपर्क में आई। आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर नेपाल में शादी का झांसा दिया और उसे वहां ले जाने की योजना बनाई। काउंसलिंग के दौरान यह भी पता चला कि आरोपी कई दिनों से उसे नेपाल ले जाने का प्रयास कर रहा था। दिनांक 15/02/2026 को जब पीड़िता अपने गांव आई, तो आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर उसे बहला-फुसलाकर भगा लिया और काठमांडू, नेपाल ले जा रहा था, जहां उसके मामा रहते हैं। पीड़िता के परिजनों से संपर्क करने पर पुष्टि हुई कि लोकल पुलिस थाना, जिला वैशाली में पहले से ही अपहरण/गुमशुदगी के संबंध में कांड संख्या 64/26, दिनांक 16/02/2026 के तहत मामला दर्ज है। टीम की तत्परता से मानव तस्करी की साजिश विफल कर दी गई। आरोपी एवं पीड़िता को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु हरैया थाना को सौंप दिया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में मानव तस्करी रोधी इकाई प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार, हवलदार अरविंद द्विवेदी, सिपाही नीतू कुमारी, लता पी., रेशमी कुमारी, राजन कुमारी, प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर से आरती कुमारी, राज गुप्ता तथा स्वच्छ रक्सौल से रणजीत सिंह एवं साबरा खातून उपस्थित रहे।

## मैट्रिक परीक्षा शुरू होते ही क्लासरूम का वीडियो वायरल, प्रशासन में मची खलबली

प्रात : किरण संवाददाता

महाराजगंज। मैट्रिकुलेशन परीक्षा शुरू होते ही महाराजगंज अनुमंडल के एक परीक्षा केंद्र से क्लासरूम का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। यह मामला दारौंदा प्रखंड अंतर्गत सावान स्थित गोरखनाथ आईटीआई परीक्षा केंद्र से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, महाराजगंज अनुमंडल में इस वर्ष कुल 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से एक केंद्र गोरखनाथ आईटीआई को बनाया गया है। परीक्षा शुरू होते ही किसी व्यक्ति द्वारा ह्यप्रिंस सिंहह्न आईडी से क्लासरूम के अंदर का लाइव वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया। देखते ही देखते वीडियो वायरल हो गया और चर्चा का विषय बन गया। बताया जाता है कि परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षार्थियों को जूता-मोजा पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं है तथा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। केंद्र अधीक्षक को छोड़कर किसी भी शिक्षक को मोबाइल फोन लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं है। ऐसे में क्लासरूम के अंदर से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। वीडियो प्रशासन के संज्ञान में आते ही अधिकारियों के बीच खलबली मच गई। यह जांच का विषय बन गया है कि आखिर परीक्षा कक्ष के भीतर से वीडियो किसने और कैसे बनाया तथा सुरक्षा व्यवस्था में चूक कहां हुई। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि जांच के बाद इस प्रकरण में आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

## पटना में सामाजिक संगठन 'नौजवानों की आवाज' की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान। राजधानी पटना सामाजिक संगठन नौजवानों की आवाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीश कुमार द्विवेदी ने की। इस दौरान संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में संगठन को अधिक प्रभावी एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से चार अलग-अलग विंग (प्रकोष्ठों) के गठन की घोषणा की गई। इन प्रकोष्ठों के माध्यम से युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संगठित एवं सशक्त तरीके से कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री द्विवेदी ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नौजवानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और उनके समाधान के लिए ठोस पहल करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में संगठन की टीम बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा करेगी तथा युवाओं से सीधे संवाद स्थापित करेगी।

इस दौरान शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और अन्य सामाजिक समस्याओं को समझते हुए संबंधित विभागों और प्रशासन तक युवाओं की आवाज पहुंचाई जाएगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का संकल्प लिया।

अंत में सभी पदाधिकारियों ने युवाओं के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## दोन और त्रिवेणी नहर के कई पूलो के रेलिंग टूट जाने से दुर्घटना की आशंका बढ़ी

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। मुख्य त्रिहुत और दोन नहर के कई पूलों और साइफन पूलों के रेलिंग टूट जाने से वाहन यात्री के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द रेलिंग बनाने की मांग की है ताकि ग्रामीणों व किसानो की जान माल को सुरक्षित रखा जा सके।

बतादें, दोन नहर थरुहट क्षेत्र का लाइफ लाइन सड़क मार्ग है । इस नहर मार्ग के उपर कई साइफन पूल है जो जर्जर और रेलिंग विहिन हो गए है। वहीं त्रिहुत नहर के उपर बने पूल के जर्जर स्थिति मे पहुँच जाने से दुर्घटना को आमंत्रण देती नजर आ रही है। बतातें चले की करई बेरई गांव को विभाजित करते हुए निकलने वाली त्रिहुत नहर पूल से रेलिंग करीब करीब गायब हो गई है उपर से पूल भी बहुत संकिरा है। इस पूल से नौरंगिया और दोन नहर के रास्ते थरुहट की अघोषित राजधानी हरनाटाँड जुड़ता है।यह पूल इस क्षेत्र के ग्रामीण और किसानो के रोजमर्रा जीवन का हिस्सा बन चुकी है, पूल की स्थिति को देखकर बरबस समझा जा सकता है की इसकी मरम्मत कितना आवश्यक है।

## रक्सौल पहुंचे डीआईजी, डीएम एवं एसपी ने लिया मैत्री पुल का जायजा

प्रात : किरण संवाददाता




रक्सौल। पुलिस उप महानिरीक्षक बेतिया रेंज, हरिकिशोर राय एवं पूर्वी चंपारण के जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर वर्तमान में विभिन्न सुरक्षा संबंधी चुनौतियों एवं सीमा पार अवैध गतिविधियों के संबंध में एक विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक के बाद सभी पदाधिकारियों द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित मैत्री पुल का भ्रमण किया गया एवं वहां पर एसएसबी 47 वीं बटालियन एवं कस्टम विभाग के कार्यों को देख गया, साथ ही मैत्री पुल के नीचे से बहने वाली सरिसवा नदी में नेपाल से आनेवाले गंदी जहरीली पानी के संबंध में गहरी चिंता व्यक्त की गई। इस दौरान आगामी भारत-नेपाल कॉर्डिनेशन में आयोजित होने वाली बैठक में इसे प्रमुखता से उठाने की बात कही गई । उसके बाद रक्सौल कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार को निदेश दिया गया कि मैत्री पुल की साफ सफाई, सौन्दर्यीकरण एवं अविलंब लाइटिंग करने कार्य करें। भ्रमण के क्रम में एसएसबी के धूपवा टोला अवस्थित मुख्यालय एवं एसएसबी के सिवान टोला में अवस्थित नाका का भी निरीक्षण किया गया।

## 19 फरवरी को नौतन प्रखंड के बैकुंठवा ग्राम पंचायत राज में होगा 'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

- जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आम नागरिकों तक उनके निवास स्थान के समीप त्वरित, सुलभ एवं प्रभावकारी रूप में उपलब्ध कराना है उदेश्य

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। जिले के नौतन प्रखंड अंतर्गत बैकुंठवा ग्राम पंचायत राज में 19 फरवरी 2026 को ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक सेवाओं का लाभ सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी श्री तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को समय पर तैयारियां पूरी करने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि आमजन को सरकारी योजनाओं और सेवाओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सभी विभाग मौके पर ही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिले, यही प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, आवास योजना, जाति-आय-निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा, कृषि, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कई मामलों में ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण एवं आवेदन की सुविधा भी दी जाएगी। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम, बेतिया एवं पुलिस विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वहीं, साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, छाया और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों को भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने नौतन प्रखंड के बैकुंठवा ग्राम पंचायत राज के सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे 19 फरवरी को आयोजित होने वाले ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रशासनिक सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

## वीटीआर प्रशासन ने जंगल मे चल रहे मिनी शराब फैक्ट्री को नष्ट किया

- इंडो नेपाल सीमा स्थित वीटीआर जंगल मे अर्धनिर्मित मिनी शराब फैक्ट्री के उद्भेदन के बाद मचा हड़कंप

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगल में वीटीआर प्रशासन ने जंगल के अंदर चोरी छिपे बनाई जा रही अर्धनिर्मित शराब को नष्ट किया है। जंगल में मीनी शराब की फैक्ट्री का उदभेदन के बाद हड़कंप मचा है। दरअसल नेपाल और उतर प्रदेश की सीमा पर स्थित वीटीआर जंगल में अवैध देशी शराब निर्माण को लेकर भट्टीयां चल रहीं थीं लिहाजा वीटीआर के मदनपुर रेंजर नसीम अहमद अंसारी के नेतृत्व में पहाड़ी नदी पार कर जंगल के भीतर जमींन में शराब की बड़ी खेप को नष्ट किया गया। साथ ही दर्जनों लीटर तैयार शराब को भी जप्त करते हुए नौरंगिया थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया है । बताया जा रहा है की वीटीआर के मदनपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी नसीम अंसारी के नेतृत्व में यह बड़ी कार्रवाई कि गई है। जब बिहार में पूर्ण शराबबंदी को ठेंगा दिखा रहें तस्करों और शराब कारोबारियों के मंसूबों पर पानी फिरा है खास बात यह है की बगैर पुलिस या मध उत्पाद विभाग के अकेले हीं वन कर्मियों ने जाबाजी दिखाते हुए नशे के सौदागरों पर चाबुक चलाया है।बतादें कि वीटीआर के सदाबहार जंगल में गश्ती पर निकले वन कर्मियों की टीम को गुप्त जानकारी मिली थी कि जंगल के अंदर चोरी छिपे अवैध देशी शराब का निर्माण किया जा रहा है। जिससे जंगली जानवरों और वन सम्पदा को नुकसान हो रहा है। साथ ही जंगल के नदी नालों का पानी गंदा हो रहा है। जिसके बाद मदनपुर रेंजर नसीम अंसारी के नेतृत्व में सेमरीडीह नौरंगिया गांव के आस-पास क्षेत्र के जंगल में छापेमारी किया गया। इस दौरान हजारों लीटर अर्ध निर्मित शराब को नष्ट किया गया।घटना स्थल से शराब बनाने वाले उपकरण करीब 60 ड्रम और दस टसला,पोटली बर्तन को भी बरामद किया गया है । जिसे वीटीआर की टीम ने नौरंगिया थाने की पुलिस को सुपूर्द कर दिया है हालांकि आहट सुनकर वनकर्मियों को आते देख शराब तस्कर मौके से भागने में सफल रहें जिनकी तलाश औ पहचान वन विभाग के मदनपुर रेंजर नसीम अहमद समेत नौरंगिया थानाध्यक्ष शुभम कुमार खुद जुटे हैं ।

## जैव विविधता संरक्षण पर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

- जैव विविधता का संरक्षण हमारे भविष्य के लिए साझा जिम्मेदारी: जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता




सिवान। जिला परिषद सिवान के सभागार में आज बिहार राज्य जैव विविधता परिषद के जैव विविधता प्रबंधन समिति (बीएमसी) के सदस्यों के उन्मुखीकरण हेतु गोपालगंज वन प्रमंडल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी सिवान विवेक रंजन मैत्रेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के सचिव हेमकांत राय एवं उपनिदेशक मिहिर झा ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सुश्री मेघा यादव, उप विकास आयुक्त सिवान श्री मुकेश कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी श्री आलोक कुमार तथा श्री बालेंदु नारायण पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्यों को जैव विविधता अधिनियम, उसके प्रावधानों एवं समिति की भूमिका और उत्तरदायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने स्थानीय स्तर पर जैव संसाधनों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं सतत उपयोग पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी श्री मैत्रेय ने कहा कि हमारे ग्रह की जैव विविधता एक अनमोल धरोहर है, जो जीवन के लिए आवश्यक संसाधन और पारिस्थितिकी सेवाएं प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि जैव विविधता न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखती है, जिससे वायु, जल और मृदा की गुणवत्ता में सुधार होता है। साथ ही यह भोजन, दवाएं, ईंधन एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर आजीविका और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाती है तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य का आधार भी है।

जिला वन पदाधिकारी ने जैव विविधता के समक्ष उत्पन्न खतरों की चर्चा करते हुए बताया कि वनों की कटाई, भूमि उपयोग में परिवर्तन, प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन इसके प्रमुख कारण हैं, जो प्रजातियों के अस्तित्व पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि जैव विविधता के संरक्षण के लिए सामूहिक एवं गंभीर प्रयास की आवश्यकता है। अंत में उपस्थित सदस्यों ने स्थानीय स्तर पर संरक्षण कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### वारंटी को भेजा गया जेल

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर पुलिस ने कोर्ट मामले के वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नगर क्षेत्र के कलाली मोहल्ला के संजीत साह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### मारपीट मामले में नौ लोगों पर केस दर्ज

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट मामले में कुल नौ लोगों पर केस दर्ज किया गया है। खड़गपुर थाना क्षेत्र के रमनकाबाद गांव में डायन का आरोप लगाकर महिला के साथ मारपीट किए जाने मामले में दो लोगों पर केस दर्ज किया गया है। मामले को लेकर रमनकाबाद गांव के बुधनी देवी ने आवेदन देकर दो लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। वहीं शामपुर थाना क्षेत्र के जागीर गांव के घरेलू विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में एक पक्ष जागृति कुमारी ने तीन लोगों पर और दूसरे पक्ष अजय कुमार यादव ने चार लोगों पर केस दर्ज कराया है। केस दर्ज की पुष्टि थानाध्यक्ष ने की।

### बुधामा कैंप प्रभारी बने गौरव कुमार, क्षेत्र में गश्ती तेज

मधेपुरा। बुधामा पुलिस कैंप में विक्की रविदास के अवकाश पर जाने के बाद गौरव कुमार ने नए कैंप प्रभारी के रूप में पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए नियमित गश्ती, नशेबाजों पर कार्रवाई तथा नाबालिग वाहन चालकों पर नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता बताया।कैंप प्रभारी के आगमन पर खाड़ा पंचायत के मुखिया ध्रुव कुमार ठाकुर सहित स्थानीय लोगों ने उनसे मुलाकात कर स्वागत किया।

मंगलवार को सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने खाड़ा बरहकोल क्षेत्र से भटककर पहुंची एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षित बरामद किया। पूछताछ के बाद पहचान सुनिश्चित कर महिला को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### पीपल के पेड़ से टपकते पानी देख उमड़ी भीड़,अध्यात्म या विज्ञान की चमत्कार

विभूतिपुर/समस्तीपुर( प्रखंड अंतर्गत टभका वार्ड 11 में उस समय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी जब लोग सुने की एक पीपल के पेड़ से पानी टपक रहा है।लोग आस्था से जोड़कर भगवान भोले बाबा का चमत्कार मानकर जयकारा लगा रहें थे।वही कुछ लोग मंदिर भी बनवाने की बात कह रहे थे।बताया गया कि टभका पंचायत के वार्ड 11 कुर्मी टोल में कुएं में एक विशाल पीपल का पेड़ था।पेड़ काटने के लिए मजदूर पहुंचा था।तभी गांव के लोगों ने देखा की पेड़ में कई जगह से पानी टपक रहा है।कानों कान यह बात आग की तरह पूरे गांव में फैल गई देखते ही देखते लोगों की भीड़ उमड़ पड़ीं।लोग आस्था से जोड़कर भोले बाबा का चमत्कार मानकर जयकारा लगाना शुरू कर दिया।वहीं कुछ लोग यहां तक की वह टपकते पानी पीकर अपने को स्वस्थ भी बताने लगे।स्थानीय लोग यहां मंदिर बनवाने की बातें कर रहे थे।फिलहाल यह तो जांच का विषय है की पीपल से टपकता पानी अध्यात्म से जुड़ा है या विज्ञान से? फिलहाल लोग पूजा अर्चना शुरू कर दिया है।

### दस घंटे में बरामद हुए लापता दो मासूम

मधुबनी। जिले के गांगुली गांव से लापता हुए दो मासूम बच्चों को महज 10 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर पुलिस ने एक बड़ी अनहोनी टाल दी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दोनों बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 फरवरी 2026 की संध्या लगभग 5:00 बजे रितिक कुमार (08 वर्ष), पिताझ्राकेश राय तथा शिव कुमार (06 वर्ष), पिताझ्र राम कुमार, दोनों निवासी गांगुली, थाना बेनीपट्टी, जिला मधुबनी, अचानक घर से लापता हो गए। काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने बेनीपट्टी थाना में लिखित आवेदन देकर सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और संभावित स्थानों पर खोजबीन शुरू कर दी गई।

खोज के दौरान गांव से करीब 100 मीटर दूरी पर कई दिनों से खड़ी एक पुरानी कार पर संदेह हुआ। जांच करने पर पाया गया कि खेल-खेल में दोनों बच्चे उस बंद पड़ी कार के अंदर प्रवेश कर गए थे। इसी क्रम में कार का दरवाजा बंद हो गया और काफी दिनों से उपयोग में नहीं होने के कारण वह दोबारा नहीं खुल सका। परिणामस्वरूप दोनों मासूम पूरी रात वाहन के अंदर ही फंसे रहे।पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कार का दरवाजा खुलवाया और दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई मैट्रिक परीक्षा देर से पहुंची दो छात्राओं को नहीं मिली एंट्री



प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर नगर क्षेत्र में मंगलवार से बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। नगर क्षेत्र के चार परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में परीक्षा आयोजित की गई। हालांकि देर से पहुंचने के कारण दो छात्राओं को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिल सका।

जानकारी के अनुसार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय समदा हथिया की छात्रा लक्ष्मी कुमारी सुबह 9:10 बजे परीक्षा केंद्र पहुंची, लेकिन निर्धारित समय समाप्त होने के कारण उसे प्रवेश नहीं दिया गया। छात्रा ने बताया कि वह गलती से दूसरे परीक्षा केंद्र पर पहुंच गई थी, जिससे उसे विलंब हो गया।

इसी प्रकार एक अन्य छात्रा को भी देर से पहुंचने के कारण परीक्षा से वंचित रहना पड़ा। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय, हवेली खड़गपुर को इस वर्ष आदर्श परीक्षा केंद्र बनाया गया है। केंद्र परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे परीक्षार्थियों को समारोह जैसा वातावरण मिला। केंद्र अधीक्षक नीरज कुमार ने फीता काटकर परीक्षा का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर शिक्षक चंद्रशेखर कुमार, सुमन कुमार एवं मुरलीधर अन्नपूर्णा कुमारी उपस्थित रहे। पहले दिन प्रथम पाली में कुल 1671 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। हिंदी विषय की परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया। नगर क्षेत्र में प्लस टू ललिता स्मारक उच्च विद्यालय, रमनकाबाद; राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय, खड़गपुर; एनएस कॉलेज, खड़गपुर तथा प्लस टू आरएसके उच्च विद्यालय, हवेली खड़गपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक

# भूमि सुधार से संबंधित सभी मामलों का तुरंत करें निष्पादन: डीएम

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। राजस्व एवं भूमि सुधार की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को संग्रहालय सभागार में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में आयोजित है। बैठक में जिले भर के राजस्व एवं भूमि सुधार से संबंधित मामलों की जानकारी ली गयी तथा उससे संबंधित सभी लंबित मामलों एवं राजस्व वसूली पर विशेष जोड़ दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पंकज कुमार गुप्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में अंचल स्तर पर भूमि विवाद से संबंधित जनता दरबार के संचालन के बावजूद भी लोग जिलास्तर पर भू-विवाद से संबंधित शिकायत लेकर आते हैं, जो खेदजनक है। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को सख्त निदेश देते हुए कहा कि ज्यादातर मामलों को अंचल स्तर पर ही पूरी निष्पक्षता के साथ जांच कर निष्पादित करें, ताकि आमजन को जिलास्तर पर शिकायत अथवा आवेदन करने का मौका न मिले। इसके अलावे जिले भर में राजस्व की वसूली पर उन्होंने विशेष बल देते हुए अधिक से अधिक वसूली के निदेश दिए। उन्होंने कहा कि परिमार्जन, म्यूटेशन, दाखिल खारिज आदि के सभी लंबित मामलों को शीघ्रता शीघ्र निष्पादित करें, ताकि लंबित मामलों की शिकायत भी आमजन जिलास्तर पर नहीं कर सकें। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए जमीन चिन्हित करने के निदेश दिए गए हैं, उसमें संबंधित अधिकारियों का सहयोग करें तत्काल उस क्षेत्र में स्थल का चयन करें। इसके अलावे कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक निदेश दिए।

# पारिवारिक विवाद सुलझाने गए पुलिस टीम पर शराबी ने किया हमला ,दो घायल

- पुलिस ने बलपूर्वक शराबी को लिया हिरासत में
- मामला आदर्श थाना क्षेत्र के केशोपुर ताड़गाछी काली समीप का

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। आदर्श थाना क्षेत्र के केशोपुर ताड़गाछी काली समीप पारिवारिक विवाद को सुलझाने गई 112 की टीम पर नशे की हालत में करण कुमार राय नामक युवक ने हमला दो पुलिस कर्मी को घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस पर हमला एवं घायल दो पुलिस कर्मी के होने की पुष्टि जमालपुर पुलिस ने नहीं की है। बरहाल पूरे घटना के बारे में बताया जाता है कि नशे की हालत में करण कुमार राय अपने घर में झगड़ा कर रहा था जिसको सुलझाने के लिए परिवार के लोग परेशान थे। झगड़ा बढ़ता हुआ देखकर आसपास के लोगों ने 112 डायल कर पुलिस को मौके पर बुला लिया।

बीते रात्रि करीब 11:30 से 12:00 पुलिस टीम जैसे ही घटनास्थल पर पहुंची तो नशे की हालत में युवक ने पुलिस पर पत्थर चलाने लगा। किसी तरह पुलिस वहां से थाना वापस लौट गई। उसके बाद दलबल के साथ पुलिस गश्ती टीम पुनः घटनास्थल पर पहुंचकर शराबी को गिरफ्तार कर थाना लाई। इधर शराबी के साथ जमालपुर पुलिस के साथ हुई हाथापाई एवं पथराव मामले में घायल हुए पुलिस के सुमन कुमार एवं उदय कुमार का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईस्ट कॉलोनी जमालपुर में किया गया जिसकी पुष्टि चिकित्सा प्रभारी संजय कुमार सुमन ने दिये।इधर घटना के बारे में थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर मारपीट हुई है जिसमें परिवार के कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है जिस पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# महाशिवरात्रि पर कशमाबाद में दो दिवसीय कुश्ती दंगल संपन्न, दिल्ली के यश कुमार बने विजेता



प्रात: किरण संवाददाता

सुल्तानगंज के नवादा पंचायत अंतर्गत कशमाबाद गांव में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का समापन उत्साह और रोमांच के बीच हुआ। इस प्रतिष्ठित दंगल में दिल्ली के यश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मिरहट्टी के मनीष कुमार उपविजेता रहे और कशमाबाद गांव के संतोष पहलवान ने तीसरा स्थान हासिल किया।विजेता यश कुमार को भाजपा ओबीसी जिला अध्यक्ष अरुण कुमार, पूर्व सभापति प्रत्याशी जवाहर लाल, श्याम सुमन, सुरज एवं संतोष ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी और नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उपविजेता मनीष कुमार को पूर्व उपसभापति मनोज यादव ने सम्मानित किया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले संतोष कुमार को दुधैला पंचायत के मुखिया अरविंद मंडल तथा नवादा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर मंडल ने पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।दंगल के दौरान पहलवानों ने एक से बढ़कर एक दांव-पेंच का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही और तालियों की गड़गड़ाहट से मैदान गूंजता रहा।कार्यक्रम की शुरूआत सुल्तानगंज थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन के साथ की गई। थाना अध्यक्ष ने सभी विजेता और प्रतिभागी पहलवानों को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक है।

# अगलगी पीड़ितों से मिले सांसद तारिक अनवर

प्रात: किरण संवाददाता

कटिहार ।जिले के कुसेर्ला स्टेट हाट में बीते दिन देर शाम लगी भीषण आग की घटना ने सैकड़ों परिवारों को झकझोर कर रख दिया है। इस भयावह अग्निकांड में सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो गईं, जिससे करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। मंगलवार को स्थानीय सांसद तारिक अनवर कुसेर्ला पहुंचकर अग्नि पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की और घटनास्थल का जायजा लिया। सांसद ने पीड़ित दुकानदारों से मिलकर उनकी पीड़ा सुनी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। इस कठिन समय में हम सभी पीड़ित दुकानदार भाइयों के साथ खड़े हैं। जिन लोगों की वर्षों की मेहनत कुछ ही घंटों में राख हो गई, उनके दर्द को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, उन्होंने कहा। सांसद ने राज्य सरकार से मांग की कि सभी अग्नि पीड़ितों को शीघ्र और उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे दोबारा अपने व्यवसाय को खड़ा कर सकें। उन्होंने प्रशासन से क्षति का त्वरित आकलन कर राहत राशि उपलब्ध कराने की अपील की।

इस दौरान सांसद ने क्षेत्र में दमकल व्यवस्था की कमी पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आग लगने की स्थिति में यदि समय पर दमकल पहुंचती तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। उन्होंने आश्वस्त किया कि कुसेर्ला सहित क जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दमकल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग से बात की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर तुरंत काबू पाया जा सके।

मौके पर मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने भी घटना को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस अग्निकांड ने सैकड़ों परिवारों की आजीविका छीन ली है। इस संकट की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ितों के साथ है और उन्हें हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा, उन्होंने कहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि दुकानदारों को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। फिलहाल प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है और राहत कार्य जारी है।

# कृष्णानंद स्टेडियम में इलेवन स्टार सुल्तानगंज की शानदार जीत, फाइनल में बनाई जगह

प्रात: किरण संवाददाता



सुल्तानगंज। कृष्णानंद स्टेडियम में आयोजित कुमार अमरेंद्र मोहन मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट सीजन 2 का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मंगलवार को रोमांचक माहौल में खेला गया। यह मुकाबला इलेवन स्टार बांका और इलेवन स्टार सुल्तानगंज के बीच हुआ, जिसमें सुल्तानगंज की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3-1 से जीत दर्ज की। बांका की टीम जहां एक गोल ही कर सकी, वहीं सुल्तानगंज ने आक्रामक खेल दिखाते हुए दो गोल की बढ़त से मुकाबला अपने नाम कर लिया और फाइनल में प्रवेश सुनिश्चित किया। खेल के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोजपा युवा जिला अध्यक्ष मनीष कुमार उपस्थित रहे।

आयोजन समिति की ओर से उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल में किक मारकर मैच का विधिवत शुभारंभ किया।मुकाबले से पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ और फिर खेल शुरू हुआ।

अब 19 फरवरी को फाइनल मुकाबला इलेवन स्टार सुल्तानगंज और लक्ष्मी स्पोर्ट्स क्लब इटहरी के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर संरक्षक अरुण चौधरी, अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष कुंदन फौजी, सचिव शशि चौधरी समेत कई गणमान्य लोग और हजारों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक मैट्रिक की परीक्षा जिले के सभी 22 केंद्रो पर हुई शुरू

- मैट्रिक परीक्षा को कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा मंगलवार से प्रारंभ हुए वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक मैट्रिक की परीक्षा जिले के सभी 22 केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त में संचालित हो रहे हैं। परीक्षा को कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन की पूरी टीम पूरी सजगता एवं सर्तकता के साथ परीक्षा का संचालन मुश्तक करा रही है। इस कड़ी में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा आज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षण संचालन की गतिविध एवं अन्य जानकारी से रूबरू हुए। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों को पूरे परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न कराने के निदेश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आज से प्रारंभ मैट्रिक परीक्षा को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सर्तक एवं सजग होकर कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न करा रही है। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों को परीक्षा केंद्रों पर पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संचालन कराने तथा सभी दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को भी केंद्र परिसर सहित आस पास के इलाकों में लगातार गश्ती के निदेश दिए। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने परीक्षा केंद्रों पर समय से पूर्व पहूंचे तथा नियमित समय पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करें, ताकि आप परीक्षा से वंचित न रहे सकें। सभी केंद्रों पर परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न कराया जा रहा है।



# बच्ची से दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार ,मामला हरपुर थाना क्षेत्र का



प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर) । हरपुर थाना में एक छोटी बच्ची के साथ दुष्कर्म मामला में पीड़िता के स्वजन के फर्दबयान के आधार पर हरपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी की दर्ज कर आरोपी शंभू मंडल के पुत्र ढोलन कुमार उर्फ सचिन साकिन हरला थाना एवं जिला जमुई को गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है । जानकारी के अनुसार इस संबंध में मंगलवार को आईपीएस सह डीएसपी संकेत कुमार ने अपने कार्यालय तारापुर में प्रेसवार्ता कर दुष्कर्म मामले में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया है। बता दें कि आईपीएस सह डीएसपी श्री कुमार ने बताया कि 16 फरवरी की रात्रि में थानाध्यक्ष हरपुर को अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र हरपुर के एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई है। सूचना मिलते ही हरपुर थानाध्यक्ष ने वरीय पदाधिकार को सूचित करते हुए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर चिकित्सक के द्वारा बताया गया कि बच्ची की स्थिति काफी गंभीर है जिसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर किया जा रहा है । सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू पुलिस अधीक्षक मुंगेर के निदेर्शानुसार सहायक पुलिस सह अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। विशेष टीम घटनास्थल पर पहुंची एवं घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए विधि विज्ञान प्रयोगशाला की विशेष टीम को घटनास्थल पर बुलवाकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई। सहायक पुलिस अधीक्षक तारापुर ने आगे बताया कि संदिग्ध व्यक्ति की बरामदगी एवं छापामारी करते हुए दुष्कर्म कांड मामले में सनलिप्त आरोपी ढोलन कुमार उर्फ सचिन को गिरफ्तार किया गया ।


बिहार सरकार

**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
CENTRAL BUILDING DIVISION No.- 01, PATNA
**SHORT TIME QUOTATION INVITATION**
**NO.- 131 YEAR 2025-26**

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated **26.02.2026** at 1:00 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.
Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division No.- 01, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500

**Details of Works :-**

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Repair of Courtyard of Health Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2025-26. | | | |
| 02- | Repair of Courtyard of Mines Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2025-26. | | | |
| 03- | Repairing and Polishing of Ornamental Chair of Cabinet Hall at Old Sectt., Patna for the year 2025-26. | | | |
| 04- | Renovation of Drain Slab and Drain Cleaning in Plinth of Main Building of Bihar Vidhan Parishad (West Side), Patna for the year 2025-26. | | | |
| 05- | Laying of 600mm Dia RCC Hume Pipe, Inspection Chamber for Drainage Line From Back Side of North Wing to Near Fire Station at Old Sectt., Patna for the year 2025-26. | | | |
| 06 | Fire Resistant Door Shutter at 8th Floor, Lift Matt and Fire Drawer at 4th Floor Tower Block at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2025-26. | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 024278 ( BCD ) 2025-26

**Executive Engineer,**
**Central Building Division No.- 01, Patna**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 02, पटना का कार्यालय**
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **44 वर्ष 2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या–02, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 26.02.2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 02, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Fixing of Name Plate in Different Residence at Strand Road, Patna for the Year 2025-26. | 1.00 | 2,000=00 | 500=00 | 7 दिन |
| 2. | A/R to PH work in Residence No.- 02 at Deshratan Marg, Patna for the Year 2025-26. | 0.50 | 1,000=00 | 250=00 | 7 दिन |
| 3. | A/R to PH work in Residence No.- 03 at Deshratan Marg, Patna for the Year 2025-26. | 1.00 | 2,000=00 | 500=00 | 7 दिन |
| 4. | Renovation of Fencing of Boundary Wall of Residence No.-09M at Strand Road, Patna for the Year 2025-26. | 12.40 | 24,800=00 | 2,500=00 | 10 दिन |
| 5. | Renovation of Washing, Painting and Other Work of Residence No.-09M at Strand Road, Patna for the Year 2025-26. | 7.24 | 14,500=00 | 1,250=00 | 10 दिन |
| 6. | Renovation of Campus Development in Residence No.-09M at Strand Road, Patna for the Year 2025-26. | 12.90 | 25,800=00 | 2,500=00 | 10 दिन |
| 7. | S/R to Buddha Golden Temple at Raj Bhawan, Patna for the Year 2025-26. | 1.50 | 3,000=00 | 500=00 | 7 दिन |
| 8. | S/R to RCC Shelves work in Residential Area of Raj Bhawan from A/4 to H.S. Residence at Raj Bhawan, Patna for the Year 2025-26. | 1.00 | 2,000=00 | 500=00 | 7 दिन |
| 9. | S/R to RCC Shelves work in Residential Area of Raj Bhawan from Middle School to Residence no. 106 at Raj Bhawan, Patna for the Year 2025-26. | 1.00 | 2,000=00 | 500=00 | 7 दिन |
| 10. | S/R to Repairing and colour washing work under Raj Bhawan section at Raj Bhawan, Patna for the Year 2025-26. ( Behind of Post no. 8 ). | 1.00 | 2,000=00 | 500=00 | 7 दिन |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट **www.state.bihar.gov.in/prd.bihar** देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

**कार्यपालक अभियंता,**
**केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 02, पटना।**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.024258 (BCD) 2025-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# 6वीं बार महिला रोजगार योजना का विस्तार: 2500 करोड़ से सजेगा 25 लाख महिलाओं का स्वरोजगार

- इससे पहले एक करोड़ 56 लाख महिलाओं को दिया जा चुका है स्वरोजगार का तोहफा
- योजना के तहत कुल दो लाख 45 हजार की लागत से चमकेगी महिला कारोबार की किस्मत




प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत सोमवार को छठवीं बार 25 लाख महिलाओं के खातों में कुल 2500 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की गई। यह राशि प्रति महिला 10 हजार रुपए के लिहाज से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की गई। इससे पहले राज्य में 26 सितंबर 2025 से 28 नवंबर 2025 के बीच कुल एक करोड़ 56 लाख लाभुकों के खातों में 15 हजार 600 करोड़ रुपए की राशि हस्तानांतरित की जा चुकी है। सोमवार को लाभुकों के खातों में 2500 करोड़ रुपए जारी होने के बाद सरकार की ओर से अभी तक एक करोड़ 81 लाख महिलाओं को रोजगार के लिए दी जाने वाली राशि 18 हजार 100 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। सरकार का मानना है कि सात निश्चय-3 योजना में दोगुना रोजगार-दोगुनी आय के तहत महिलाओं को खुद के पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए यह राशि दी जा रही है। जिन महिलाओं ने रोजगार शुरू कर लिया हैं, उन्हें तय मानदंडों को पूरा करने की स्थिति में कारोबार विस्तार के लिए दो लाख रुपए की अतरिक्त सहयोग राशि दी जाएगी। साथ ही इन महिलाओं को अपने रोजगार के लिए खुद के स्तर पर 35 हजार रुपए प्रति महिला के हिसाब से अंशदान करना होगा। इस तरीके से कुल दो लाख 45 हजार रुपए में महिलाओं का खुद का कारोबार सफलता की बुलंदियों तक पहुंच सकेगा।

### वर्ष 2005 में रखी गई थी महिला सशक्तिकरण की नींव

वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद महिला सशक्तिकरण पर कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। इसमें मुख्य रूप से वर्ष 2006 में विश्व बैंक से ऋण लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह के रूप में जीविका का गठन किया गया। अभी तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर 11 लाख 74 हजार से भी अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। इन समूहों से राज्य भर में एक करोड़ 67 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं।

राज्य सरकार ने इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की ही मंशा से पहली बार 26 सितंबर 2025 को 75 लाख महिलाओं के खातों में 7500 करोड़ रुपए अंतरित किए।

यह राशि लाभुकों को प्रति लाभुक 10 हजार रुपए के हिसाब से दी गई। इसके बाद अलग-अलग पांच तिथियों पर सरकार ने प्रति लाभुक 10 हजार रुपए के हिसाब से 15 हजार 600 करोड़ रुपए अंतरित किए, जो महिला उद्यम के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।

महिला उत्थान और उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में चलाए जा रहे योजना की सफलता को देखते हुए सोमवार को सरकार ने एक बार फिर से छठवीं बार महिला रोजगार के लिए एक भारी-भरकम राशि अंतरित की गई।

# जिलाधिकारी के निदेश पर पटना शहर में तेरहवें दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. के निदेश पर पटना शहर में फरवरी माह के अग्रिम कैलेण्डर के अनुसार आज तेरहवें दिन भी अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।

संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के बाँकीपुर अंचल में 09:00 बजे पूर्वाह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ खेतान मार्केट, मछुआ टोली आर्य कु0 रोड से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान ठेला, स्टॉल हटाया गया तथा 1 लोहा स्टैण्ड एवं 1 ठेला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 13,200/- जुमार्ना वसूल किया गया।

पटना सिटी अंचल में 10:15 बजे पूर्वाह्न से 02:35 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ चौक थाना से अशोक राज पथ चौक होते हुए जनता होटल हरमंदिर गली से बाललीला तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान ठेला का काउन्टर, अवैध दुकान हटाया गया तथा 6 थैला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 7,400/- जुमार्ना वसूल किया गया।

नगर परिषद, फुलवारीशरीफ में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ महावीर कैंसर संस्थान से एम्स गोलंबर तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 15 अवैध पोस्टर/बैनर हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 6,500/- जुमार्ना वसूल किया गया।नगर परिषद दानापुर निजामत में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ तकियापर से राम जानकी मंदिर तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 4,000/- जुमार्ना वसूल किया गया। नूतन राजधानी अंचल में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ वार्ड 19 में झोपड़ी खाली कराया गया तथा वार्ड 06 एवं 14 में नाला उड़ाही में रास्ता से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 16 बैनर, 20 पोस्टर हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 2,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।

पाटलिपुत्र अंचल में 10:30 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ मंदिरी नाला काठ का पुल से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। कंकड़बाग अंचल में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ कॉलोनी मोड़ से राजेन्द्र नगर रोड के दोनों साईड से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 1,300/- जुमार्ना वसूल किया गया।

अजीमाबाद अंचल में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया।

# बिहार सरकार और सीआईपीएल ने किये समझौते पर हस्ताक्षर

## पटना में कोर डेवलपमेंट सेंटर एवं एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की होगी स्थापना

- परियोजना के पहले साल में 500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर होंगे सृजित
- अगले पांच वर्षों में बढ़ाकर 2,000 से अधिक आईटी पेशेवरों तक ले जाने का है कंपनी का लक्ष्य

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आईटी क्षेत्र की नामी कंपनी, कॉरपोर्ट इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड और बिहार सरकार के बीच राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश हेतु मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू इंडिया एआई समिट-2026 के दौरान बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में बिहार के उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी विभाग के प्रधान सचिव अभय कुमार सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार सहित बिहार सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस एमओयू के अंतर्गत सीआईपीएल द्वारा पटना में एक कोर डेवलपमेंट सेंटर एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी।

इस परियोजना का उद्देश्य बिहार की डिजिटल गवर्नेंस प्रणाली को सुदृढ़ करना एवं राज्य को पूर्वी भारत में सूचना प्रौद्योगिकी और एआई के उभरते केंद्र के रूप में विकसित करना है। इस मौके पर सीआईपीएल द्वारा दिये गए निवेश प्रस्ताव के अनुसार, इस परियोजना के लिए कंपनी कुल 30 करोड़ रुपए के प्रारंभिक निवेश से अपना काम शुरू करेगी और आने वाले वर्षों में यह निवेश बढ़कर 100 करोड़ रुपए से भी अधिक का होगा।

सीआईपीएल द्वारा राज्य में स्थापित किए जाने वाले केंद्र तकनीकी सेवाओं की आपूर्ति, नवाचार एवं एआई आधारित सेवा के लिए कार्य करेगा। जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर संचालन, साइबर सुरक्षा और इंटरप्राइज प्लेटफॉर्म जैसी उन्नत तकनीकों पर कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एआई आधारित गवर्नेंस समाधान एवं आईटी की मदद से सरकार के विभिन्न विभागों में ऑटोमेटेड प्रोसेस आदि का विकास एवं क्रियान्वयन भी किया जाएगा। जिससे राज्य की डिजिटल इंफ्रास्ट्रेक्चर एवं सर्विस सेक्टर में डिलिवरी और अधिक सुदृढ़ होगी।परियोजना के पहले साल में 500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। जिसे आगामी पांच वर्षों में बढ़ाकर 2,000 से अधिक आईटी पेशेवरों तक ले जाने का लक्ष्य कंपनी द्वारा निर्धारित किया गया है। इस परियोजना से राज्य में रोजगार सृजन एवं कौशल विकास को उल्लेखनीय बढ़ावा मिलेगा।वर्ष 2007 में स्थापित कॉर्पोरेट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड को देशभर में सरकारी एवं सार्वजनिक उपक्रमों के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर डिजिटल परियोजनाओं के क्रियान्वयन का व्यापक अनुभव है तथा कंपनी बिहार में भी कई महत्वपूर्ण तकनीकी परियोजनाओं जैसे, डाटा सेंटर, नागरिक आधारित सेवा (बिहार वन) एवं अन्य परियोजनाओं से जुड़ी हुई है।

# भोजपुर की पैड वाली मुखिया बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

## महज 23 रुपये में मिल रहा पैकेट

- दांवा पंचायत में महिलाओं के साथ मिलकर शुरू किया सेनेटरी पैड का उत्पादन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कोरोना काल में जब देश-दुनिया में लॉकडाउन के कारण लाखों लोगों का रोजगार छिन गया था, तब भोजपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत दांवा पंचायत की मुखिया सुशुमलता कुशवाहा ने महिलाओं के लिए एक अनूठी पहल की। उन्होंने पंचायत स्तर पर ही सेनेटरी पैड बनाने की सेमी-ऑटोमेटिक मशीन लगवाई और ह्यसंगिनीह्न ब्रांड के नाम से सस्ते व गुणवत्तापूर्ण पैड का उत्पादन शुरू किया। इस पहल से पंचायत की 10 से अधिक महिलाओं को घर के पास ही रोजगार मिल गया है। मुखिया सुशुमलता ने मास्टर इन सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) किया है। वो बताती हैं कि 2012 में शादी के बाद 2016 में वे दांवा पंचायत की मुखिया बनीं। एक बैठक के दौरान महिलाओं की स्वच्छता और सेनेटरी पैड की समस्या पर चर्चा हुई, तो उन्होंने तत्काल इस दिशा में कदम उठाया। तत्कालीन जिलाधिकारी के सहयोग और सरकारी योजना के तहत मिले 10 लाख रुपये के फंड से मशीन लगाई गई। कुछ अतिरिक्त राशि जोड़कर पूरा प्लांट तैयार हुआ। यह मशीन सेमी-ऑटोमेटिक है, जिसमें जीविका दीदियां ही सारा काम संभालती हैं। कच्चा माल डालने से लेकर कटिंग, फोल्डिंग, पैकिंग और बिक्री तक का पूरा काम बेहतर तरीके से करती हैं। एक दिन में 8 घंटे की शिफ्ट में करीब 4,500 पैड तैयार हो जाते हैं। ये पैड अल्ट्रा-थिन, एक्स्ट्रा लार्ज और 100 मिलीलीटर क्षमता वाले हैं, जो बाजार के सामान्य पैड की तुलना में काफी सस्ते हैं। मात्र 23 रुपये में 6 पैड का एक पैकेट उपलब्ध है, जिसे जीविका दीदियां आसपास के गांवों और पंचायतों में बेच रही हैं।

इस मुहिम की शुरूआत में ग्रामीण इलाकों में महिलाओं और लड़कियों के बीच काफी हिचकिचाहट थी। कई घरों में पुरानी परंपरा के अनुसार कपड़े का इस्तेमाल होता था। इस समस्या को दूर करने के लिए मुखिया और जीविका दीदियों ने घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया। मौजूदा समय में खासकर युवा लड़कियों के बीच धीरे-धीरे स्वीकार्यता बढ़ रही है। आज भी कुछ हिचक बाकी है, लेकिन इसे जड़ से खत्म करने की कोशिश जारी है। मुखिया का कहना है कि आने वाले दिनों में इस उत्पाद को अन्य जिलों तक पहुंचाने और सरकारी आवासीय बालिका छात्रावासों में सप्लाई करने की योजना है। यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता और मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी फैला रही है।

## मजदूरों को 125 दिन की रोजगार की गारंटी होगी : उपविकास आयुक्त



पटना। उपविकास आयुक्त पटना द्वारा विकास भवन के सभागार में सभी मनरेगा कर्मियों को योजना के संबंध में जानकारी दी गई ।उनके द्वारा बताया गया कि इस योजना में मजदूरों को 125 दिन की रोजगार की गारंटी होगी जबकि पूर्व की योजना में 100 दिनों की रोजगार की गारंटी थी ।इसके तहत मुख्य रूप से जल संरक्षण, ग्रामीण संरचना, आजीविका एवं आपदा से संबंधित कार्यों को किया जाएगा ।सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे वीभी जी राम जी का प्रचार प्रसार आम जनों तक करेंगे तथा भारत सरकार द्वारा तय की गई गतिविधियों को जनता तक पहुंचाएंगे तथा इस संबंध में लोगों को जागरूक करेंगे ।इसके पश्चात उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा मनरेगा योजना की समीक्षा की गई एवं निर्देश दिया गया की वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व सभी योजनाओं को पूर्ण कर लें । योजनाओं से संबंधित अभिश्रवों की प्रविष्टि नरेगा सॉफ्ट पर करें तथा योजना को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करें। बैठक में निदेशक ठएढ. जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, सभी प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक एवं पंचायती रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## समाजसेवी दीपशिखा सिंह बनी मनो-सामाजिक परामर्शी, संभाला कार्यभार



मधुबनी। राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम, पटना बिहार (समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार) द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को नियोजन-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में केन्द्र संपोषित योजना ह्लमिशन शक्तिह्न अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेंटर के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियोजन-पत्र प्रदान किया गया।विज्ञापन सूचना संख्या 04/25 के तहत दीपशिखा सिंह का चयन संविदा आधारित मनो-सामाजिक परामर्शी पद पर किया गया। चयन के बाद उन्हें समारोह के दौरान औपचारिक रूप से नियोजन-पत्र प्रदान किया गया।कार्यक्रम का आयोजन दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में किया गया। समारोह के दौरान चयनितअभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि उनकी सेवाएं महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम के माध्यम से ह्लसशक्त नारी सशक्त समाज सशक्त बिहारह्न का संदेश भी दिया गया।इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में दीपशिखा सिंह ने कहा कि, ह्लमहिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उन्हें सशक्त करने की दिशा में वो सदैव प्रयासरत रहीं हैं और आगे भी इसी तरह से महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्यरत रहेंगी साथ ही दीपशिखा ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे पहलों की सराहना की।विशेष रूप से अधिवक्ता ओम प्रकाश सिंह (मुन्ना जी), पवन यादव, अनिल बरौलिया, सुजीत कुमार सिंह ( गब्बर सिंह), समाजसेवी लक्की राउत, अरुण जैन, प्रो. जगदीश प्रसाद यादव, अधिवक्ता राजेश कुमार, सुनील यादव सहित सभी लोगों ने बधाई दी। पत्रकार रंजन अभिषेक ने इस मौके पर कहा कि, दीपशिखा सिंह सदैव महिला सशक्तिकरण की दिशा में तत्परता पूर्वक कार्य करती रहीं हैं और निश्चित तौर पर बिहार सरकार के इस पहल से उनका जुड़ना क्षेत्र की बालिकाओं, बच्चों और महिलाओं के लिए एक खुशी की खबर है। हम सभी लोग उम्मीद करते हैं कि जितनी प्रतिबद्धता के साथ दीपशिखा सदैव अपना कार्य करती रहीं हैं, वह आगे भी इसी तरह से महिला सशक्तिकरण की दिशा में उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उनकी आवाज बनती रहेंगी।

## मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., गया ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दे रहा नई दिशा : डॉ. प्रेम कुमार

गयाजी। अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., गया (गया डेयरी) क्षेत्र के किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1961 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा गया के कटारी हिल रोड स्थित परिसर में डेयरी का उद्घाटन किया गया था। राज्य सरकार द्वारा ह्यदूध आपूर्ति योजना के अंतर्गत इसका संचालन किया गया, किंतु कुछ कारणों से बाद में यह बंद हो गया।डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि श्वेत क्रांति के अंतर्गत बंद पड़े इस संयंत्र को बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव प्रोड्यूसर्स फेडरेशन (उडटऋ्रऊ) द्वारा वर्ष 1985 में पुनर्जीवित कर जुलाई 1986 से पुनः प्रारंभ किया गया। वर्ष 1986, 1988, 1990 एवं 1991 से दूध संग्रहण का कार्य प्रारंभ हुआ और तब से लगातार इसका विस्तार होता रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., गया का विधिवत निबंधन कॉमफेड मुख्यालय द्वारा (निबंधन संख्या 4008, दिनांक 19.09.2014) किया गया। गया, जहानाबाद, औरंगाबाद एवं अरवल जिलों में वर्ष 2016 से इसका क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ।

# दानापुर स्टेशन पर,मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया

- बिना टिकट उचित प्राधिकार के 549 यात्री पकड़े गये मंडल को 302050 /-रुपए रेल राजस्व की प्राप्ति हुई



प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल रेल मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 17 तारीख मंगलवार को श्री अभिनव सिद्धार्थ वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर अभिषेक कुमार तिवारी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं श्री प्रदीप कुमार सहायक वाणिज्य प्रबंधक टिकट जांच एवं खान-पान के नेतृत्व एवं उपस्थिति में दानापुर मंडल के दानापुर स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया।

इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान दानापुर स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों 12303 पूर्वा एक्सप्रेस 15126 पटना-काशी जनशताब्दी 12367 विक्रमशिला एक्सप्रेस 12370 कुंभ एक्सप्रेस 12791 सिकंदराबाद- दानापुर एक्सप्रेस 20801 मगध एक्सप्रेस 22405गरीब रथ एक्सप्रेस 13240 कोटा पटना एक्सप्रेस 13402 दानापुर भागलपुर एक्सप्रेस 12393सम्पूर्णक्रान्ति एक्सप्रेस एवं 13240कोटा पटना एक्सप्रेस का दानापुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव लेकर सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया परिणामफलस्वरूप रात्रि 20.30 बजे तक 549 अनियमित बिना प्राधिकार वाले यात्रियों से जुमार्ने के रूप में 3,02050/- रुपए तीन लाख दो हजार पचास रुपये रेल राजस्व अर्जित किया गया ।

विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप दानापुर स्टेशन के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं ।

# जलापूर्ति योजना अंतर्गत राज्य योजना से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक

- किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम नगर के आयुक्त यशपाल मीणा की अध्यक्षता में नगर विकास प्रमंडल, जलापूर्ति, पटना अंतर्गत राज्य योजना से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित राज्य योजना से संबंधित संवेदक उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक के दौरान नगर आयुक्त द्वारा सभी अभियंताओं एवं संवेदकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जिन योजनाओं का छडअ निर्गत हो चुका है, उन पर अविलंब एकरारनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

### नियमित रूप से अद्यतन प्रगति रिपोर्ट मुख्यालय को करें समर्पित

आयोजित बैठक के दौरान योजनावार प्रगति की समीक्षा करते हुए यह निर्देशित किया गया कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अभियंताओं को योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से पटना नगर निगम मुख्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया साथ ही जिनका एकरार नामा नहीं हुआ है उन संवेदकों को तीन दिनों के भीतर एकरारनामा निष्पादित कर कायारंभ सुनिश्चित करने को कहा गया।नगर आयुक्त ने कहा कि राज्य योजना अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं संवेदकों को पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

13 संवेदक से मांगा गया स्पष्टीकरण,कार्यप्रगति असंतोषजनक

समीक्षा बैठक के दौरान योजनाकार सभी अधिकारियों एवं संवेदकों कार्य प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया जो असंतोषजनक पाया गया।बताते चले की वार्ड नंबर-21,16,27,36,18,42 एवं 24 में चल रही जलापूर्ति, पटना अंतर्गत राज्य योजना से संबंधित योजनाओं के संवेदक एवं संबंधित अभियंता से स्पष्टीकरण माँगा गया है।

# मधुबनी में जाली नोट गिरोह पर शिकंजा, लादेन गिरफ्तार, नेटवर्क खंगाल रहीं खुफिया एजेंसिया

- मधुबनी में जाली नोट तस्करी गिरोह पर पुलिस का शिकंजा और कसा



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिले में जाली नोट तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मधुबनी पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है।बासोपट्टी थाना कांड संख्या 42/25, दिनांक 02.03.2025 में दर्ज जाली नोट बरामदगी एवं तस्करी मामले में पुलिस ने एक और अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस कांड में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 179/180/3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में कुल चार अभियुक्तों के विरुद्ध भारी मात्रा में नकली नोट बरामदगी को लेकर कार्रवाई की गई थी। अब तक तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी थी, जबकि शेष आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी जारी थी।

इसी क्रम में सोमवार को पुलिस टीम ने मो० अबुल इनाम उर्फ लादेन, निवासी- कोतवाली चौक, थाना- नगर, जिला- मधुबनी को उसके आवास से हिरासत में लेकर पूछताछ हेतु बासोपट्टी थाना लाया।

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पूर्व में गिरफ्तार मो० राशीद जमाल और अबुल इनाम के घर आमने-सामने स्थित हैं। पुलिस के अनुसार, राशीद जमाल के मोबाइल फोन के वॉलपेपर पर अबुल इनाम की तस्वीर पाई गई थी। इसके अतिरिक्त अन्य कई साक्ष्य भी मिले हैं, जो दोनों के बीच गहरे आपराधिक संबंधों की ओर संकेत करते हैं।इस प्रकरण में पूर्व में बरामद जाली नोटों की एफएसएल रिपोर्ट राजकीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, मुजफ्फरपुर से प्राप्त कर माननीय न्यायालय में समर्पित की जा चुकी है।पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास तथा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से उसके संपर्कों की गहन जांच कर रही है। पूछताछ एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।मधुबनी पुलिस ने स्पष्ट किया है ।

## रामचक बैरिया में लेगेसी वेस्ट के निष्पादन का लक्ष्य

पटना। शहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से संतुलित बनाने की दिशा में पटना नगर निगम द्वारा रामचक बैरिया में लेगेसी वेस्ट निष्पादन कार्य को युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पटना नगर निगम नगर के आयुक्त यशपाल मीणा द्वारा स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया गया तथा कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि 31 मई 2026 तक कूड़े के वैज्ञानिक प्रसंस्करण एवं निस्तारण का लक्ष्य हर स्थिति में प्राप्त किया जाए, ताकि मॉनसून पूर्व स्थल को पूर्णतः सुरक्षित एवं व्यवस्थित किया जा सके। समयबद्धता एवं गुणवत्ता दोनों पर किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।मानवबल में वृद्धि एवं अतिरिक्त मशीनों का अधिष्ठापन रामचक बैरिया में कार्यरत सभी एजेंसियों को उनके-उनके स्थल चिन्हित कर आवंटित कर दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने एजेंसियों को निर्देशित किया।

## सामर्थ्य क्लासेस हाजीपुर के छात्रों ने जेईई मेन परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर : सामर्थ्य क्लासेस हाजीपुर के छात्रों ने जेईई मेन के प्रथम सत्र 2026 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में सूबे का नाम रौशन किया है। इस वर्ष सामर्थ्य क्लासेस के कुल तीस छात्रों ने जेईई मेन 2026 की प्रथम सत्र की परीक्षा में भाग लिया जिसमें से अभिषेक (99.42), आर्यन (98.6), अवी राज (97.36), आनंद (96.00), आयुष (95.30), आयुष्मान (94.00), देव प्रकाश (93.00), अक्षय कुमार (91.00), आदित्य (90.00), अविका (89.00), अभय (84.00) ऋषि (79.00) के अलावा अन्य छात्रों ने भी परसेंटाइल नंबर लाकर अपने नाम के साथ - साथ अपने जिले तथा अपने संस्थान का नाम भी रोशन किया। सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता - पिता तथा अपने गुरुजनों को दिया। सामर्थ्य क्लासेज के निदेशक सुमित कुमार ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और अशेष शुभकमनाएं दी और कहा कि कड़ी मेहनत, लगन, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य तक पहुँचा जा सकता है। विदित हो की सामर्थ्य क्लासेस विगत दस वर्षों से अनवरत उत्कृष्ट परिणाम देकर छात्रों के आईआईटी में अध्ययन के सपने को साकार कर रहा है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496